@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 7 अगस्त 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 274 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# यौन उत्पीड़न केस में तरुण तेजपाल को 10 साल की सजा

**बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- 2 हफ्ते में सरेंडर करें 2013 में साथी पत्रकार ने आरोप लगाया था**

**एजेंसी**
**श्रीनगर** । बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने गुरुवार को तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल को रेप केस में दोषी करार दिया। उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई। कोर्ट ने कहा कि वे 2 हफ्ते में सरेंडर करें।

इससे पहले मई 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में तेजपाल को बरी कर दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। मामला नवंबर 2013 का है। तहलका की महिला पत्रकार ने आरोप



लगाया था कि गोवा में आयोजित थिंक फेस्ट के दौरान 7 और 8 नवंबर की रात होटल की लिफ्ट में तरुण तेजपाल ने दो बार उनका यौन उत्पीड़न किया।

**हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का फैसला क्यों पलटा**

हाईकोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट ने सबूतों की बजाय घटना के बाद पीड़ित महिला के व्यवहार पर ज्यादा ध्यान दिया। साथ ही, तेजपाल के माफी मांगने वाले ई-मेल जैसे अहम सबूतों को भी सही अहमियत नहीं दी। कोर्ट ने तेजपाल को IPC की धारा 376(2)(f), 376(2)(k), 354A और 354B के तहत दोषी माना है। ये धाराएं रेप, यौन उत्पीड़न और महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला करने से संबंधित हैं।

## तेजपाल ने कहा- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

हाईकोर्ट के फैसले पर तेजपाल ने कहा, 'हम फैसले से बहुत निराश हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। कुछ लोग तहलका और राजनीतिक बदले की भावना से 13 सालों से मेरे पीछे पड़े हैं। हमने 7.5 साल ट्रायल कोर्ट में केस लड़ा और बरी हुए थे।'

# ई20 पर आमने-सामने: 'ई50 की तैयारी, नए वाहन न खरीदें

## केजरीवाल और अमित मालवीय में तीखी जुबानी जंग

**एजेंसी**
**झांसी** । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और भाजपा के आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय के बीच एक्स पर तीखी बहस सामने आई। केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर डीजल और विमानन टरबाइन ईंधन में इथेनॉल मिश्रण करने की योजना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी दावा किया कि सरकार ई20 ईंधन के बाद पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण 50 फीसदी से अधिक बढ़ाएगी। केजरीवाल ने लोगों से फिलहाल नए पेट्रोल और डीजल वाहन खरीदने से बचने का आग्रह किया।

**केजरीवाल का दावा- मोदी सरकार ला रही ई50**

उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही ई0 और ई10 वाहनों में ई20 पेट्रोल डालकर उन्हें खराब कर चुकी है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि सरकार वैज्ञानिक अध्ययन का सम्मान किए बिना ई20 की तरह ई50 भी लागू करेगी। उन्होंने मालवीय को ई20 पेट्रोल लागू करने से पहले किए गए किसी भी अध्ययन को सार्वजनिक करने की चुनौती दी।

**भाजपा आईटी हेड का केजरीवाल पर पलटवार-** अमित मालवीय ने केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि केंद्र ने ई20 से आगे मिश्रण बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने केजरीवाल के तर्क को तथ्यों के बजाय भय पर आधारित बताया। मालवीय ने कहा कि ई20



बिना वैज्ञानिक अध्ययन के लागू नहीं किया गया था। देश का इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम दो दशकों से अधिक समय से चरणबद्ध तरीके से चल रहा है।

**ई20 पर आप-भाजपा आमने सामने**

केजरीवाल ने सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया कि मोदी सरकार एटीएफ में भी इथेनॉल मिश्रण की योजना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार माहौल शांत होने का इंतजार कर रही है। इसके बाद वह पेट्रोल में 50 फीसदी से अधिक इथेनॉल मिलावट करेगी। केजरीवाल ने कहा कि यदि आज कोई नया ई20 वाहन खरीदता है, तो सरकार कुछ दिनों बाद उसमें ई50 पेट्रोल डालकर उसे खराब कर देगी। उन्होंने सरकार के इस तरीके को विज्ञान और तकनीक का अनादर बताया।

## भाजपा का पलटवार

अमित मालवीय ने केजरीवाल पर फर्जी खबर फैलाने और अनावश्यक माहौल पैदा करने की पुरानी आदत का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ई50 पर बहस उठाना केवल भय फैलाने की राजनीति है। मालवीय ने यह भी स्पष्ट किया कि ई20 कोई जल्दबाजी का निर्णय नहीं था। ई20 को लागू करने से पहले व्यापक परीक्षण और सभी संबंधित पक्षों के साथ परामर्श किया गया था।

# अतीक अहमद के छोटे बेटे की मौत

## झांसी जेल में बंद भाई अली से मिलने जा रहा था आबान

**एजेंसी**
**झांसी** । उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस दुर्घटना में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान अहमद की मौत हो गई। हादसे में एक अन्य व्यक्ति ने भी अपनी जान गंवाई, जबकि उनके तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

यह दुखद घटना झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुंछ थाना इलाके में हुई। सभी पांचों लोग प्रयागराज से झांसी जा रहे थे। वे झांसी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे अली अहमद से मुलाकात करने वाले थे। जानकारी के अनुसार, उनकी तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे तेज रफ्तार क्रेटा कार झांसी-कानपुर हाईवे पर प्रयागराज से झांसी की ओर आ रही थी। पूछ थाना क्षेत्र के खिल्ली गांव



के पास अचानक एक जानवर सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में आगे की सीट पर बैठे आबान अहमद एवं सोनू खान के सिर में गंभीर चोट आई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार सवार अहजम निवासी बादशाही मंडी (प्रयागराज), मोहम्मद जैद निवासी कोतवाली, उमर अहमद निवासी पूरा मुफ्ती घायल हो गए। सभी प्रयागराज के रहने वाले हैं।

# आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से आंशिक राहत

## अंतरिम जमानत नहीं मिली

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को फिलहाल अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने उन्हें अपनी पसंद का एक प्रशिक्षित केयरटेकर (देखभाल करने वाला) रखने की अनुमति दे दी, जो 24 घंटे उनकी चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रख सकेगा। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत मांगने वाली आसाराम की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे फिलहाल लंबित रखा। अदालत ने कहा कि यदि भविष्य में उनकी तबीयत और



बिगड़ती है तो वे दोबारा अदालत का रुख कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि आसाराम ने यह तथ्य छिपाया है कि उनके वकील ने पहले पैरोल के लिए भी आवेदन किया था। इस पर आसाराम के वकील ने कहा कि पैरोल की अर्जी पहले दायर की गई थी और वह स्वास्थ्य कारणों के आधार पर नहीं थी।

**लखीमपुर खीरी हिंसा केस**

# आशीष मिश्रा को फिलहाल राहत नहीं

**सुप्रीम कोर्ट ने पैरोल बढ़ाने से किया इनकार**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत की शर्तों में और अधिक ढील देने से इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने मिश्रा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जमानत की शर्तों में और राहत देने की मांग की थी।

**आशीष मिश्रा ने अदालत से क्या मांग की थी?**

आशीष मिश्रा की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि मौजूदा जमानत शर्तों के कारण वह



अपने परिवार के कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटियों के जन्मदिन जैसे पारिवारिक आयोजनों में भी शामिल होने से वंचित रह जाते हैं। इसी आधार पर जमानत की शर्तों में और ढील देने की मांग की गई थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर क्या कहा?**

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने स्पष्ट कहा कि फिलहाल इस प्रार्थना पर विचार करने का कोई आधार नहीं है। आवेदन खारिज किया जाता है। इसके साथ ही अदालत ने आशीष मिश्रा की याचिका को अस्वीकार कर दिया।

यह घटना 3 अक्टूबर 2021 को उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के टिकुनिया गांव में हुई थी। उस समय किसान, तत्कालीन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे थे। इसी दौरान हिंसा भड़क गई, जिसने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा।

# दिल्ली हाई कोर्ट से पहलवान सुशील कुमार को झटका

**सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में जमानत याचिका खारीज**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पहलवान सुशील कुमार को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। सुशील ने पहलवान सागर धनखड़ के मौत के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। गुरुवार को अदालत ने सुशील की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

सुशील कुमार ने 6 फरवरी को रोहिणी कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। सुशील फिलहाल 2021 में हुए पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं। जूनियर नेशनल कुश्ती चैंपियन पहलवान सागर धनखड़ की हत्या 4-5 मई 2021 की रात को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम परिसर में हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उन्हें और उनके साथियों को कुछ लोगों द्वारा जबरन अगवा करके स्टेडियम लाया गया था, जहां लाठी, डंडों और हॉकी स्टिक से उनकी बेरहमी से पिटाई की गई। गंभीर मारपीट और सिर पर गहरी



चोट लगने के कारण अस्पताल में इलाज के दौरान सागर की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, धनखड़ को किसी भारी चीज से चोट लगने के कारण दिमाग में गंभीर चोट लगी थी। धनखड़ की हत्या के मामले में पहलवान सुशील कुमार को मुख्य आरोपी बनाया गया है।

# गृह मंत्री सदन में आएं, छात्रों पर कार्रवाई का दें जवाब : खड़गे

**'प्रधानमंत्री मांगें माफी'**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जंतर मंतर के पास छात्रों पर हुई कार्रवाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों से पूरा विपक्ष इस मांग पर अड़ा है कि गृह मंत्री खुद सदन में आएं और जवाब दें। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि छात्रों के साथ अन्याय और अत्याचार हुआ। जिस तरह से उन पर लाठीचार्ज और फायरिंग की गई, वह गलत था। उन्होंने कहा, 'ऐसी चीजें इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए थीं। पैलेट गन, आंसू गैस, लाठी, इलेक्ट्रिक बैटन, कील वाली लाठी- सब कुछ छात्रों पर चलाया गया। छात्रों ने कोई बवाल नहीं किया था। क्या उन्होंने 20-50 सरकारी गाड़ियां तोड़ीं? क्या किसी नेता को रोका और सवाल पूछा? वे शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे लेकिन उन्हें हटाने के लिए जो तरीके अपनाए गए, वह बहुत गलत है।'



खड़गे ने मांग की कि गृह मंत्री खुद सदन में आकर सफाई दें। उन्होंने कहा, 'इनको सदन में आकर जवाब देने में क्या मजबूरी है? इसके दो ही मतलब हो सकते हैं। एक तो ये सोच रहे हैं कि इस मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया जाए। दूसरा, ये डर गए हैं। मैं बस इतना पूछना चाहता हूं कि जो दुख आपने विद्यार्थियों को पहुंचाया है, जो उनके माता-पिता तक पहुंचा है, उसके लिए हम आपकी हाजिरी सदन में चाहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'वे सदन में नहीं आ रहे हैं, इसलिए सदन नहीं चल पा रहा है। सदन नहीं चलने की जिम्मेदारी केवल गृह मंत्री अमित शाह की है, संसद सदस्यों की नहीं। इसी वजह से आज हमने राज्यसभा में यह मुद्दा फिर से उठाया है।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष चाहता है कि प्रधानमंत्री माफी मांगें और गृह मंत्री सदन में बयान दें। उन्होंने कहा, 'चाहे झारखंड हो, पंजाब हो या दिल्ली हो, हम विद्यार्थियों के साथ हैं। उनकी समस्याओं को हल कराने के लिए हम लड़ते रहेंगे।'

# देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में इस सप्ताह भारी वर्षा जारी रहने के आसार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में अगले 5-6 दिनों के दौरान भारी बारिश होने के आसार हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में भी इस दौरान भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को सुबह-दोपहर के बीच कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम और कुछ जगहों पर भारी बारिश होने के आसार हैं। यह सिलसिला रात तक जारी रह सकता है। इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 31-33 डिग्री सेल्सियस और 22-24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। शनिवार और रविवार को भी यही स्थिति बनी रहेगी। राजधानी में आज सुबह से झमाझम बारिश होने से कई जगह जलभराव हो गया और कहीं-कहीं पर आवाजाही करने वालों को भारी जाम का सामना करना पड़ा। आईएमडी के मुताबिक सप्ताह के अधिकतर दिनों में उत्तर-पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत के कई हिस्सों तथा पूर्वी, पूर्वोत्तर भारत में कुछ जगहों पर भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में 9-12 अगस्त, हिमाचल प्रदेश में 6-12 अगस्त, उत्तराखंड में 7-12 अगस्त, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में 7 अगस्त, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 9-10 अगस्त, पूर्वी उत्तर प्रदेश में 7-9 अगस्त, पश्चिमी राजस्थान में 8-10 अगस्त के दौरान; पूर्वी राजस्थान में 10-11 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। साथ ही पूर्वी राजस्थान में 7-9 अगस्त के दौरान कहीं-कहीं बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों की आवाज नहीं दबाई जा सकती : राहुल गांधी

**एजेंसी**
**नई दिल्ली** । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि और सीट कटौती के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन छात्रों की मांगें सुनने के बजाय उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रहा है। राहुल गांधी ने गुरुवार को एक्स पोस्ट में लिखा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र फीस वृद्धि और सीट कटौती के खिलाफ अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन उन्हें सुनने के बजाय उन पर प्राथमिकी दर्ज कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की नीति युवाओं की आवाज दबाने की है। राहुल ने लिखा, 'सवाल पूछो तो लाठी, विरोध करो तो मुकदमे और आवाज उठाओ तो पेलेट गन।' कांग्रेस नेता ने कहा कि जब उन्होंने छात्रों की बात सुनने के लिए प्रयागराज जाने का निर्णय लिया, तभी से प्रशासन उनके कार्यक्रम को हर संभव तरीके से रोकने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की आवाज से भी डर रही है। राहुल ने कहा, 'मैं छात्रों के साथ हूं। सरकार चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, मुझे छात्रों की आवाज उठाने से रोक नहीं सकती।'

# टेरिटोरियल आर्मी 'सिटीजन-सोल्जर' की सर्वोत्तम मिसाल : राजनाथ सिंह

**राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की**

**पर्यावरण संरक्षण में टेरिटोरियल आर्मी के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि इस कारय बल ने अब तक करीब 10 करोड़ पौधे लगाए हैं। इनमें 80 से 85 प्रतिशत पौधे जीवित हैं।**

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को रक्षा मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में टेरिटोरियल आर्मी की भूमिका, जिम्मेदारियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने टेरिटोरियल आर्मी को और मजबूत बनाने के लिए कई सुझाव भी दिए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि टेरिटोरियल आर्मी विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि सेना जहां देश की सुरक्षा करती है, वहीं टेरिटोरियल आर्मी पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्यों में भी बड़ी भूमिका निभाती है।




उन्होंने कहा कि टेरिटोरियल आर्मी 'नागरिक-सैनिक' की अवधारणा की जीवंत मिसाल है। इसके सदस्य सामान्य जीवन में अपने-अपने पेशे से जुड़े रहते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर वर्दी पहनकर देश की सीमाओं की रक्षा और आंतरिक सुरक्षा का दायित्व निभाते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि टेरिटोरियल आर्मी, सशस्त्र बलों के लिए प्रशिक्षित जवानों का ऐसा बड़ा समूह तैयार करती है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत तैनात किया जा सकता है। सेवा पूरी करने के बाद ये जवान समाज में लौटकर युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि टेरिटोरियल आर्मी में लगभग 44,400 जवान हैं और इसकी 59 इकाइयां हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के समय टेरिटोरियल आर्मी सबसे पहले राहत और बचाव कार्य में पहुंचती है। केरल की बाढ़, ओडिशा के चक्रवात और हाल में असम की बाढ़ के दौरान जवानों ने राहत, बचाव और चिकित्सा सहायता का महत्वपूर्ण कार्य किया।

# जेपी नड्डा ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**• समीक्षा बैठक की**

**यह उनके तीन दिवसीय दौरे का आखिरी चरण है।**

**एजेंसी**
**इटानगर** । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा बाढ़ और भूस्खलन से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा कर रहे हैं। इस क्रम में जेपी नड्डा ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश में आई बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया और जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि मैंने आज अरुणाचल प्रदेश के इटानगर में मुख्यमंत्री पेमा खंडू भाजपा, उपमुख्यमंत्री चोवना मी भाजपा, मंत्रियों, विधायकों और राज्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक हाल ही में आई बाढ़ और बादल फटने से प्रभावित क्षेत्रों के मेरे दौरे के बाद स्थिति का आकलन करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि मैंने सभी संबंधित विभागों को आपदा के बाद उत्पन्न होने वाली जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे राहत, पुनर्वास और स्वास्थ्य देखभाल प्रयासों को तेज करने का निर्देश दिया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, केंद्र सरकार राज्य सरकार के समन्वय से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत, वित्तीय सहायता और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी। यह उनके तीन दिवसीय दौरे का आखिरी चरण है। इससे पहले वे असम और नागालैंड के बाढ़ और भूस्खलन वाले इलाकों का जायजा ले चुके हैं। बुधवार को जेपी नड्डा असम में थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ उन्होंने शिवसागर जिले के बिहुबोर और नेपाली खुटी इलाकों का दौरा किया था। यहां बाढ़ से सैकड़ों घरों को नुकसान पहुंचा है, खेत पानी में डूब गए और मवेशियों का भी काफी नुकसान हुआ है। लोगों से बात करते हुए जेपी नड्डा ने कहा था कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असम के लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत और पुनर्वास के काम में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया था कि केंद्र की टीम नुकसान का आकलन कर रही है ताकि मदद का काम जल्द शुरू किया जा सके। जेपी नड्डा ने असम के लोगों को भरोसा दिलाया कि पुनर्निर्माण में केंद्र हर संभव मदद करेगा।

## पुंछ में एलओसी के पास हुआ लैंडमाइन विस्फोट, सेना के दो जवान घायल

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के समीप बुधवार शाम लैंडमाइन विस्फोट में सेना के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, मेंढर सेक्टर के कांगा गली क्षेत्र में सेना की गश्ती टीम को एक लैंडमाइन दिखाई दी थी, जिसके बाद उसे निष्क्रिय करने के लिए बम निरोधक विशेषज्ञों को बुलाया गया। डिफ्यूज करने की प्रक्रिया के दौरान अचानक विस्फोट हो गया, जिससे दो सैनिक घायल हो गए। दोनों को तुरंत सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और तलाशी अभियान जारी है।

## 15 अगस्त से शुरू होगी विदेशी संपत्ति घोषणा योजना

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आने वाले समय में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच गुरुग्राम पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर गुरुवार को सभी कॉर्पोरेट दफ्तरों और निजी प्रतिष्ठानों से अपने कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। भारी बारिश के कारण प्रमुख सड़कों और चौराहों पर जलभराव और गंभीर यातायात जाम की आशंका है, जिससे निपटने और आपातकालीन सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करना बेहद जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस ने एक्स पर लिखा कि अनावश्यक वाहनों की आवाजाही कम होने से यातायात सुचारू रहेगा और एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड व अन्य आपातकालीन सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। बता दें दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश जारी है। ऑफिस आवर्स के दौरान कई इलाकों में तेज बारिश देखने को मिली है। सड़कों पर जलभराव के कारण ट्रैफिक की रफ्तार थम गई। जाम के कारण दफ्तर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम एजेंसी के मुताबिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। 7 से 9 अगस्त के बीच मौसम की सबसे ज्यादा सक्रियता ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ की सीमा से जुड़े इलाकों में हो सकती है।

## मिड-डे मील के नाम बच्चों को पानी जैसी दाल और जली रोटियां दी जा रही थीं

सीतापुर (एजेंसी)। प्राथमिक विद्यालय छंगापुर में मिड-डे मील के नाम पर मासूम बच्चों की सेहत से खिलवाड़ का मामला सामने आया। स्कूल में बच्चों को पानी जैसी पतली सब्जी और जली हुई रोटियां परोसी जा रही थीं। इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने कार्रवाई की है। स्कूल की प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया है, जबकि दोषी रसोइया की सेवा समाप्त कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को मौके पर जाकर जांच करने और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बुधवार को बीएसए छंगापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय पहुंचे और वहां मौजूद विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के बयान दर्ज किए। बताया जा रहा है कि जांच में एमडीएम की गुणवत्ता को लेकर भारी लापरवाही की पुष्टि हुई। ग्रामीणों और बच्चों ने बताया कि स्कूल में अक्सर खराब गुणवत्ता की दाल-सब्जी बनती थी और बच्चों को तय मात्रा में दूध भी नहीं दिया जाता था। जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने प्रधानाध्यापक कल्पना वर्मा को निलंबित कर दिया और रसोइया अनीता को बर्खास्त कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक लापरवाही की गाज केवल स्कूल स्टाफ तक ही सीमित नहीं रही। पर्यवेक्षण में शिथिलता बरतने के आरोप में खंड शिक्षा अधिकारी उदयमणि पटेल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि एमडीएम के जिला समन्वयक बृज मोहन सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच बीईओ पहला पुष्पराज सिंह को सौंपी गई है, जिन्हें एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपनी होगी।

## गुरुग्राम में भारी बारीश का अलर्ट, कर्मचारियों को वर्क फॉम होम करने की सलाह

गुरुग्राम(एजेंसी)। गुरुग्राम में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आने वाले समय में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस बीच गुरुग्राम पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर गुरुवार को सभी कॉर्पोरेट दफ्तरों और निजी प्रतिष्ठानों से अपने कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था करने का आग्रह किया है। भारी बारिश के कारण प्रमुख सड़कों और चौराहों पर जलभराव और गंभीर यातायात जाम की आशंका है, जिससे निपटने और आपातकालीन सेवाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करना बेहद जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुग्राम पुलिस ने एक्स पर लिखा कि अनावश्यक वाहनों की आवाजाही कम होने से यातायात सुचारू रहेगा और एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड व अन्य आपातकालीन सेवाओं को निर्बाध रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। बता दें दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई इलाकों में पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश जारी है। ऑफिस आवर्स के दौरान कई इलाकों में तेज बारिश देखने को मिली है। सड़कों पर जलभराव के कारण ट्रैफिक की रफ्तार थम गई। जाम के कारण दफ्तर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम एजेंसी के मुताबिक ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ और पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। 7 से 9 अगस्त के बीच मौसम की सबसे ज्यादा सक्रियता ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ की सीमा से जुड़े इलाकों में हो सकती है।

## अतीक अहमद के छोटे बेटे की सड़क हादसे में मौत, तीन गंभीर रुप से घायल

प्रयागराज (एजेंसी)। यूपी के बाहुबली और माफिया अतीक अहमद के छोटे बेटे अबान अहमद की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अतीक का छोटा बेटा अपने दोस्तों के साथ कार में सवार होकर जेल में बंद अपने बड़े भाई से मिलकर लौट रहा था। झांसी के पूंछ थाना क्षेत्र में हाईवे पर कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। कार में कुल पांच लोग थे बताया जा रहा है।

# ई-20 पेट्रोल पर केंद्र कांग्रेस के निशाने पर, जल संकट और खाद्य सुरक्षा की अनदेखी का आरोप

### -जयराम रमेश बोले— पर्यावरण संरक्षण नहीं, जल्दबाजी में लागू की जा रही है ई-20 नीति



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार की ई-20 (20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) नीति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि इसे जल्दबाजी में पूरे देश में लागू किया जा रहा है, जबकि इसके जल संसाधनों और खाद्य सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों की समुचित समीक्षा नहीं की गई है। पार्टी ने दावा किया कि सरकार पर्यावरण संरक्षण के नाम पर ऐसी नीति को बढ़ावा दे रही है, जिसके दूरगामी दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि किसी भी वैकल्पिक ईंधन की पर्यावरणीय उपयोगिता का आंकलन केवल कार्बन उत्सर्जन के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उसके उत्पादन में लगने वाले प्राकृतिक संसाधनों, विशेषकर जल और कृषि भूमि पर पड़ने वाले प्रभावों को भी ध्यान में रखना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भारत में एथनॉल का उत्पादन मुख्य रूप से गन्ना, धान और मक्का जैसी अधिक पानी की खपत वाली फसलों से किया जाता है, जबकि कई अन्य देशों में कृषि अवशेषों और जैविक अपशिष्ट से एथनॉल तैयार किया जाता है। रमेश के अनुसार, गन्ना और धान देश के कुल सिंचाई जल का लगभग 70 प्रतिशत उपयोग करते हैं। उन्होंने दावा किया कि एक लीटर एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने से लगभग 3,630 लीटर, चावल से 10,790 लीटर और मक्के से करीब 4,670 लीटर पानी की आवश्यकता होती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे समय में, जब देश के अनेक हिस्सों में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, एथनॉल उत्पादन के लिए जल-गहन फसलों पर निर्भरता चिंता का विषय है। उन्होंने याद दिलाया कि नीति आयोग के वर्ष 2021 के एथनॉल संबंधी मार्गदर्शी दस्तावेज में अधिक टिकाऊ कच्चे माल के उपयोग की आवश्यकता स्वीकार की गई थी।

रमेश ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद केंद्र सरकार एथनॉल उत्पादन के लिए चावल के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने संसद में स्वीकार किया है कि एथनॉल इकाइयों को औसत खरीद मूल्य से लगभग 40 प्रतिशत कम कीमत पर चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि वास्तविक पर्यावरण हितैषी ईंधन नीति वही होगी, जो ईंधन उत्पादन के समग्र पर्यावरणीय प्रभाव, जल संसाधनों और खाद्य सुरक्षा पर पड़ने वाले असर का संतुलित आकलन करे। पार्टी ने आरोप लगाया कि ई-20 को बढ़ावा देने के पीछे पर्यावरण संरक्षण नहीं, बल्कि अन्य प्राथमिकताएं काम कर रही हैं। वहीं, इस संबंध में केंद्र सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## आगामी विधानसभा में कांग्रेस ने मैदान में उतारा तो सीएम मान के खिलाफ लड़ूंगा चुनाव : वड़िंग

चंडीगढ़ (एजेंसी)। कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि अगर वह अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ते हैं तो वह राज्य के सीएम भगवंत मान के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहेंगे। वड़िंग ने फरीदकोट में एक कार्यक्रम में पार्टी के एक नेता के उस सुझाव को खारिज कर दिया कि उन्हें शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकाली नेता पहले ही ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लुधियाना से सांसद वड़िंग ने कहा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इसका फैसला पार्टी आलाकमान करेगा, लेकिन अगर उन्हें चुनाव मैदान में उतरने के लिए कहा गया तो वह सीएम मान का मुकाबला करना चाहेंगे। वड़िंग ने कहा कि मैं मान के खिलाफ चुनाव लड़ूंगा...।'' वड़िंग इससे पहले मुक्तसर जिले की गिद्दड़बाहा विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सीएम मान वर्तमान में संगरूर जिले की धुरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे और विधायक बने। वड़िंग की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब पूर्व सीएम और जालंधर से वर्तमान सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व में पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने उन्हें कांग्रेस की पंजाब इकाई का अध्यक्ष बनाए रखने के आलाकमान के फैसले का विरोध करते हुए पद से हटाने की मांग की है। वड़िंग ने एक अन्य कार्यक्रम 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' में लोगों से पंजाब की मान सरकार को सत्ता से उखाड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मान पंजाब के अब तक के सबसे खराब सीएम साबित हुए हैं। वड़िंग ने राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि गैंगस्टर संस्कृति और अराजकता चरम पर है और नशे की समस्या ने भयावह रूप ले लिया है।



## केजरीवाल का नारा- बीजेपी भगाओ, गाड़ी बचाओ



### ई-20 नीति के खिलाफ आप ने खोला मोर्चा और कहा- वाहनों को हो रहा नुकसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार की ई-20 पेट्रोल नीति को लेकर एक बार फिर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए नया राजनीतिक नारा दिया– बीजेपी भगाओ, गाड़ी बचाओ। यह नारा और टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जबकि आम आदमी पार्टी देशभर में ई-20 ईंधन नीति के विरोध में अभियान चला रही है।

पूर्व सीएम केजरीवाल का आरोप है कि ई-20 पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज कम हो रहा है और इंजन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं को ई-20 के साथ-साथ शुद्ध पेट्रोल अथवा अन्य ईंधन विकल्प उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वाहन मालिक अपनी आवश्यकता के अनुसार ईंधन का चयन कर सकें।

ई-20 नीति के विरोध में आम आदमी पार्टी पिछले कुछ दिनों से लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री आवास तक मार्च का नेतृत्व भी किया था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने मार्च को बीच रास्ते में रोक दिया, जिसके बाद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फिरोजशाह रोड पर धरना दिया था। आप का दावा है कि उसने ई-20 नीति के विरोध में लाखों लोगों के हस्ताक्षर भी एकत्र किए हैं। उधर, भारतीय जनता पार्टी ने केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीतिक अभियान बताया है। भाजपा का कहना है कि ई-20 पेट्रोल से वाहनों को नुकसान पहुंचने के दावों की पुष्टि किसी मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक अध्ययन या आधिकारिक रिपोर्ट से नहीं हुई है। पार्टी का आरोप है कि विपक्ष बिना ठोस साक्ष्यों के लोगों के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है।

## राम मंदिर दान मामले की जांच तेज, पुराने लेजर की हो रही पड़ताल



**अयोध्या (एजेंसी)।** राम मंदिर में दान से जुड़ी कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के मामले की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। जांच एजेंसियों ने अब मंदिर के पुराने लेजर और वित्तीय रिकॉर्ड की गहन जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का मानना है कि वर्षों से दर्ज चढ़ावे का पूरा लेखा-जोखा इन दस्तावेजों में मौजूद है और इन्हीं के आधार पर यह स्पष्ट हो सकेगा कि रिकॉर्ड में दर्ज रकम और वास्तविक जमा राशि के बीच कोई अंतर है या नहीं। मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) की निगरानी में चल रही है, जबकि विवेचना का जिम्मा सीओ अयोध्या संभाल रहे हैं।

जांच के दौरान अब तक ट्रस्ट के पदाधिकारियों, मंदिर कर्मचारियों और बैंककर्मियों सहित 100 से अधिक लोगों को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया जा चुका है।

कई लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं, जबकि आवश्यकता पड़ने पर कुछ लोगों को दोबारा भी तलब किया जा सकता है। जांच एजेंसियों का कहना है कि पूरे मामले की हर कड़ी को जोड़ने के लिए दस्तावेजों और बयानों का सावधानीपूर्वक मिलान किया जा रहा है। जांच का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा अब पुराने लेजर रिकॉर्ड बन गए हैं। इन दस्तावेजों में अलग-अलग तारीखों पर प्राप्त दान की राशि, उसके लेखांकन और जमा किए गए धन का पूरा विवरण दर्ज है। अधिकारी प्रत्येक पन्ने की बारीकी से जांच कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि किसी तारीख पर दर्ज दान और बैंक में जमा रकम के बीच कोई विसंगति तो नहीं है। यदि कहीं कोई अंतर मिलता है तो उसे कथित वित्तीय अनियमितताओं के संभावित साक्ष्य के रूप में देखा जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, लेजर में दर्ज प्रविष्टियों का बैंक रिकॉर्ड और अन्य वित्तीय दस्तावेजों से मिलान किया जा रहा है। जिन प्रविष्टियों पर संदेह है, उनसे जुड़े कर्मचारियों और संबंधित लोगों से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारी नियमित रूप से मंदिर पहुंचकर रिकॉर्ड का निरीक्षण कर रहे हैं और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि पूरे वित्तीय लेनदेन की श्रृंखला को क्रमवार समझा जाए और यदि कहीं गड़बड़ी हुई है तो उसकी पुष्टि की जा सके। जांच एजेंसियों का कहना है कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। दस्तावेजों, बैंक रिकॉर्ड और संबंधित लोगों के बयानों का मिलान पूरा होने के बाद ही जांच की दिशा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या वर्षों से दर्ज लेजर रिकॉर्ड पूरी तरह सही हैं या उनमें ऐसी विसंगतियां मौजूद हैं जो कथित वित्तीय अनियमितताओं की ओर संकेत करती हैं। इसी पहलू को केंद्र में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

## डांगावास हत्याकांड के सभी 40 आरोपी बरी, 11 साल बाद आया फैसला चिंताजनक : गहलोत



जयपुर (एजेंसी)।, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने नागौर डांगावास हत्याकांड में कोर्ट के फैसले को बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि 11 साल की लंबी कानूनी लड़ाई के बावजूद इंसाफ नहीं मिलना जांच और अभियोजन की गंभीर खामियों की ओर इशारा करता है। उल्लेखनीय है कि नागौर जिले के विशिष्ट न्यायालय ने डांगावास हत्याकांड के सभी 40 आरोपियों को बरी कर दिया है। बता दें साल 2015 में इस हत्याकांड में जमीन विवाद को लेकर पांच दलितों की हत्या कर दी गई थी। गहलोत ने कहा कि नागौर के डांगावास हत्याकांड में 11 साल बाद आया फैसला बेहद चिंताजनक है। 2015 में जमीन विवाद में पांच दलितों समेत छह लोगों की निर्मम हत्या हुई थी और अब एससी-एसटी विशेष कोर्ट ने सभी 40 आरोपियों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। पीड़ित परिवारों का सवाल जायज है, अगर 40 आरोपी बरी हो गए तो इन छह लोगों की हत्या आखिर किसने की?

गहलोत ने कहा कि 11 साल की लंबी कानूनी लड़ाई, सीबीआई से जांच और सुनवाई के बावजूद इंसाफ नहीं मिलना जांच और अभियोजन की गंभीर खामियों की ओर इशारा करता है। उन्होंने राज्य की बीजेपी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के शासन में 11 साल पहले ऐसी घटना होना और अब उन्हीं के शासन में प्रतिकूल फैसला आना यह दिखाता है कि बीजेपी न्याय के पक्ष में नहीं है। दलित समाज के साथ हुए इस अन्याय में जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलित समाज के सम्मान और अधिकारों के लिए खड़ी रही है। पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए इस फैसले के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील की प्रक्रिया मजबूती से आगे बढ़नी चाहिए, राज्य सरकार को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

## संसद परिसर में विपक्ष ने फिर किया प्रदर्शन, शाह से सदन में जवाब देने की मांग

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई समेत अन्य मुद्दों को लेकर जारी है गतिरोध




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के मानसून सत्र के दौरान गुरुवार को भी विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद परिसर में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी सांसदों ने संसद भवन परिसर से मकर द्वार तक मार्च निकाला। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सदन में आकर बयान देने के साथ ही विभिन्न विवादित मुद्दों पर जवाब देने की मांग की गई।

विरोध प्रदर्शन व मार्च निकाल रहे विपक्षी सांसद हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे। उन्होंने राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी, जंतर मंतर और संसद तक मार्च के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिसबल की कार्रवाई तथा जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष का आरोप है कि सरकार इन गंभीर मुद्दों पर चर्चा और जवाबदेही से बच रही है, जबकि संसद जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है।

#### बारिश के बावजूद निकाला विरोध मार्च

दिल्ली में गुरुवार सुबह से हो रही बारिश के बावजूद सांसद छाते लेकर विरोध मार्च में शामिल हुए। प्रतिकूल मौसम होने के बाद भी प्रदर्शन जारी रखकर विपक्ष ने सरकार पर दबाव बनाने की भरसक कोशिश की है। प्रदर्शन के दौरान कई विपक्षी नेताओं ने सरकार से संसद में विस्तृत चर्चा कराने और संबंधित मुद्दों पर स्पष्ट जवाब देने की मांग दोहराई। मानसून सत्र के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार बढ़ते टकराव का असर सदन की कार्यवाही पर भी दिखाई दे रहा है। विपक्ष का कहना है कि जब तक सरकार इन मुद्दों पर सदन में जवाब नहीं देती, तब तक उसका विरोध जारी रहेगा।

#### खड़गे बोले- पीएम और शाह संसद का अपमान कर रहे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष की मांग बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सदन में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह सदन में आएं, अपना बयान दें। हम चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चर्चा से ही समाधान निकलेगा। संसद का सत्र शुरू हुए कई दिन हो चुके हैं, लेकिन उनका सदन में न आना संसद का अपमान है। खड़गे ने आरोप लगाया कि विपक्ष लगातार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा चाहता है, लेकिन सरकार इस पर सहमत नहीं हो रही है। उनका कहना था कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद के भीतर संवाद और बहस ही समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## परीक्षा गड़बड़ी मामले को लेकर आंदोलनकारी छात्र सरकार से बातचीत को तैयार

### -छात्रों ने रखी शर्त-सीएम खुद करें बात और कम से कम दो मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहें



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड में पीएससी समेत अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर छात्रों का रांची में आंदोलन जारी है। वे सरकार से बातचीत को तैयार हो गए हैं। उन्होंने शर्त रखी कि सीएम हेमंत सोरेन खुद बात करें और उस दौरान कम दो मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहें। छात्र नेता रविंद्र पासवान ने कहा कि बुधवार को सरकार का प्रस्ताव लेकर आए एसडीओ ने छात्र प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के नाम मांगे हैं। इसके बाद बैठक की तारीख और समय तय होगा।

छात्रों का आरोप है कि सरकार सिर्फ पांच सदस्यीय टीम बुलाकर आंदोलन को कमजोर करना चाहती है। रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में छात्रों का धरना 13वें दिन भी जारी है। देवेंद्र नाथ महतो समेत 6 छात्र अनशन पर हैं। वे मामले में सीबीआई-ईडी जांच की मांग कर रहे हैं। वहीं सीआईडी ने बुधवार देर रात पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब तक 19 लोग पकड़े जा चुके हैं। 2 जुलाई को झारखंड लोक सेवा आयोग ने 14वीं संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया था। इसमें 2,204 उम्मीदवार मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए। इसके बाद 18 से 20 जुलाई के बीच मेंस परीक्षा होनी थी। रिजल्ट आने के बाद कई उम्मीदवारों ने गड़बड़ी के आरोप लगाए। उनका कहना था कि कट-ऑफ जारी नहीं की गई। इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक उम्मीदवार की ओएमआर शीट वायरल हुई। दावा किया गया है कि उसने सिर्फ 48 सवाल हल किए, फिर भी वह मेंस के लिए चुन लिया गया। वहीं, रिजल्ट पर आयोग के अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं होने को लेकर भी सवाल उठे। विवाद बढ़ने के बाद जेपीएससी ने मेंस परीक्षा रद्द कर दी।

# भारत सीमा पर पाकिस्तान ने बढ़ाई चीनी एसएच-15 तोपों की तैनाती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान सीमा के निकट पाकिस्तान द्वारा चीन निर्मित एसएच-15 व्हील्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड आर्टिलरी सिस्टम की तैनाती से भारतीय सुरक्षा हलकों में सामरिक चर्चा तेज हुई है। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने भारत से सटे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में इन लंबी दूरी की तोपों को तैनात किया है, जिससे उसकी आर्टिलरी क्षमता में वृद्धि हुई है। हालांकि, इन दावों की कोई स्वतंत्र आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य के लिहाज से महत्वपूर्ण मान रहे हैं। बताया गया है कि पाकिस्तान ने गुजरांवाला, सियालकोट और जलालपुर जट्टन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में इन एसएच-15 तोपों को तैनात किया है। ये इलाके शकरगढ़ सेक्टर से संबंध रखते हैं, जिसका अतीत में भारत-पाकिस्तान संघर्षों के दौरान विशेष सामरिक महत्व रहा है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान इन प्रणालियों के स्थानीय उत्पादन के लिए हैवी इंडस्ट्रीज टैक्सिला में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी) की दिशा में भी चीन के साथ काम कर रहा है।

रक्षा विश्लेषक लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) जे.एस. सोढ़ी ने तैनाती को भारत की सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार, पाकिस्तान तेजी से चीनी हथियारों पर निर्भर होता जा रहा है, और चीन-पाकिस्तान के बीच बढ़ता रक्षा सहयोग भविष्य में क्षेत्रीय सामरिक संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। लेफ्टिनेंट कर्नल सोढ़ी ने आशंका व्यक्त की कि दोनों देशों का बढ़ता सैन्य गठजोड़ भारत के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौती बन सकता है। यह विश्लेषक का आकलन है, जिसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। तकनीकी दृष्टि से, एसएच-15 एक 155 मिमी, 52-कैलिबर सेल्फ-प्रोपेल्ड आर्टिलरी सिस्टम है, जिसकी मारक क्षमता गोला-बारूद के प्रकार के आधार पर लगभग 40 से 70 किलोमीटर तक बताई जाती है। पाकिस्तान ने वर्ष 2019 में इन प्रणालियों का ऑर्डर दिया था और बाद के वर्षों में इनकी आपूर्ति शुरू हुई। इस बीच, भारत के विदेश मंत्रालय ने सीमा पार सुरक्षा चुनौतियों पर अपनी नीति दोहराई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत की सीमा पार आतंकवाद के प्रति नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा की रक्षा के लिए आवश्यक सभी कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है, और सीमा पार से आतंकवाद पूरी तरह समाप्त होना चाहिए। विशेषज्ञ मानते हैं कि क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों पर लगातार नजर रखना और सामरिक संतुलन बनाए रखना भारत की सुरक्षा नीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा।

## श्याम नगर में दिनदहाड़े गन पॉइंट पर लाखों की लूट, शिक्षक की पत्नी-बेटे को तमंचा दिखाकर फरार हुए बदमाश

कानपुर। चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर स्थित सी ब्लॉक भल्ला टटियान में सोमवार दोपहर बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक शिक्षक के घर में दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने घर में मौजूद मां-बेटे को तमंचे व चाकू की नोक पर बंधक बना लिया और करीब 45 मिनट तक अलमारियां खंगालकर 10 लाख रुपये नकद और 1.50 लाख रुपये के जेवरात लूटकर रफूचक्कर हो गए। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। श्याम नगर सी-ब्लॉक निवासी शरद चंद्र त्रिपाठी एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। सोमवार सुबह वह रोज की तरह स्कूल चले गए थे। घर पर उनकी पत्नी रचना त्रिपाठी और बेटा देवांश मौजूद थे। दोपहर करीब 11:30 से 12 बजे के बीच अपाचे बाइक से आए तीन हथियारबंद बदमाश अचानक घर में दाखिल हो गए। बदमाशों ने सबसे पहले रसोई में खाना बना रही रचना त्रिपाठी की कनपटी पर तमंचा सटा दिया और चीख-पुकार मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने ड्राइंग रूम में पढ़ाई कर रहे बेटे देवांश को भी हथियार दिखाकर बंधक बना लिया। इसके बाद दोनों को एक कमरे में बंद कर अलमारियों और लॉकर की चाबियां छीन लीं। बदमाशों ने लगभग 45 मिनट तक पूरे घर को खंगाला और घर में रखे 10 लाख रुपये नकद व करीब 1.50 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पीड़ितों को बंधक हालत में छोड़कर मौके से भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद किसी तरह खुद को मुक्त कराकर पीड़ितों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। दिनदहाड़े हुई बड़ी लूट की सूचना मिलते ही डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एडीसीपी पूर्वी शिवा सिंह, चकेरी थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंची। जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें तीनों शातिर बदमाश लूटपाट के बाद रक्षा विहार की ओर भागते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं।

# समाजसेवी चरणजीव मल्होत्रा ने श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में असहाय श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार से दिल्ली तक निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई

नई दिल्ली। प्रमुख समाजसेवी, गऊमाता सेवक एवं करोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने इस वर्ष श्रावण मास की कांवड़ यात्रा के दौरान असहाय एवं जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार से दिल्ली तक निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई। उनकी इस पहल की श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों द्वारा व्यापक सराहना की जा रही है। चरणजीव मल्होत्रा ने बताया कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव सेवा का भी अवसर है। लाखों श्रद्धालु कठिन परिस्थितियों में यात्रा करते हैं और कई बार उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में यदि समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध हो जाए तो गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य से उन्होंने हरिद्वार से दिल्ली तक एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाई ताकि जरूरतमंद श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के अस्पताल या सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जा सके। श्रावण मास की पावन कांवड़ यात्रा में हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार, गंगोत्री और अन्य पवित्र स्थलों से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य




की ओर प्रस्थान करते हैं। यह यात्रा आस्था, श्रद्धा और कठिन तपस्या का प्रतीक मानी जाती है। कई श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हैं। इस दौरान कई बार अत्यधिक थकान, तेज गर्मी, सड़क दुर्घटनाएं, अचानक स्वास्थ्य खराब होने या अन्य आपात स्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में समय पर चिकित्सा सहायता मिलना किसी जीवनदायिनी सेवा से कम नहीं होता। सेवा का लाभ लेने वाले श्रद्धालुओं ने चरणजीव मल्होत्रा के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में निस्वार्थ भाव से ऐसी सेवा करना वास्तव में प्रेरणादायक है। उनका कहना था कि जब कोई व्यक्ति बिना किसी स्वार्थ के संकट की घड़ी में सहायता करता है, तो वह मानवता की सबसे बड़ी मिसाल बन जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजनों में केवल पूजा-पाठ ही नहीं, बल्कि मानव सेवा का भी विशेष महत्व होता है। किसी घायल, बीमार या असहाय व्यक्ति की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। चरणजीव मल्होत्रा की यह पहल इसी भावना को मजबूत करती है। श्रद्धालुओं ने यह भी कहा कि इस प्रकार की पहल समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी कि वे धार्मिक आयोजनों में सेवा कार्यों से जुड़ें। मानव सेवा को भारतीय संस्कृति में सर्वोच्च स्थान दिया गया है और ऐसे प्रयास उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हैं। हरिद्वार से दिल्ली तक संचालित यह निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज की पहचान भी है। इससे यह संदेश मिलता है कि किसी भी बड़े आयोजन में मानव जीवन की सुरक्षा और स्वास्थ्य सर्वोपरि होना चाहिए। जरूरतमंदों की समय पर सहायता करके अनेक अनमोल जीवन बचाए जा सकते हैं। चरणजीव मल्होत्रा ने कहा कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार समाज सेवा के कार्यों को जारी रखेंगे और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सुरक्षित यात्रा करने, यातायात नियमों का पालन करने और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सहायता लेने की अपील की। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा में उनकी यह पहल मानवता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है। जरूरतमंद श्रद्धालुओं के लिए हरिद्वार से दिल्ली तक निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराकर उन्होंने यह साबित किया कि सच्ची श्रद्धा केवल पूजा-अर्चना में नहीं, बल्कि पीड़ित और असहाय लोगों की निस्वार्थ सेवा में भी निहित है। उनकी इस पहल की विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय प्रयास बताया।

## फंसाने के लिए घर में रख दी अवैध पिस्टल, फिर पुलिस को दी सूचना, खुद बताई रंजिश की वजह

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस ने एक फर्जी आर्म्स केस का पर्दाफाश करते हुए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसने पारिवारिक रंजिश के चलते अपने जीजा को फंसाने के लिए उनके घर में अवैध हथियार रख दिए थे। वेलकम थाना पुलिस ने आरोपी निवासी सुंदर नगरी दिल्ली निवासी मोहम्मद वसीम (28) को गिरफ्तार कर उसके बताए स्थान से 2 कंट्री मेड पिस्टल बरामद की है। डीसीपी राहुल अलवाल के अनुसार 31 जुलाई 2026 को शस्त्र अधिनियम की जांच के दौरान वेलकम थाना पुलिस टीम ने राजीव कॉलोनी, डीएलएफ बॉर्डर, गाजियाबाद स्थित वसीम की मोबाइल रिपेयर की दुकान से उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में पहले तो वसीम ने गुमराह करने की कोशिश की लेकिन बाद में उसने बताया कि उसके जीजा मोहम्मद अशरफ (29) ने उसकी साली से परिवार की मर्जी के खिलाफ शादी की थी, जिससे वह नाराज था। इसी दुश्मनी में वसीम ने अलग-अलग मौकों पर अशरफ के वेलकम स्थित किराए के घर में 3 अवैध पिस्टल छिपा दिए थे। इसके बाद वसीम ने अर्जुन नाम से फर्जी कॉल कर पुलिस को सूचना दी। 16 जुलाई 2026 को इसी सूचना पर पुलिस ने अशरफ के घर से एक अवैध पिस्टल बरामद कर उसे गिरफ्तार किया था।


### NAME CHANGE
I, Mehrunnisan,D/O SULEMAN SAIFI,H no-42, gali no-2,near Islamic Madarsa,kureni, North West Delhi, Delhi-110040 have changed my name to MEHRUN NISHA for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Sulaiman saifi, S/O Abdul Hameed Saifi,C-16/A,S/F, shaheen bagh,abdul fazal enclave -2, south Delhi,DELHI-110025 have changed my name to SULEMAN SAIFI for all future purposes

### NAME CHANGE
I hitherto known as Hemant Kumar Singh S/o Omveer Chauhan R/o Sadarpur, Sector - 45, Near Adarsh Bal Vikas School, Noida Sector 37, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201303 have changed my name and shall hereafter be known as Suraj Chauhan.

### NAME CHANGE
I, Gaurav Sinha S/o Raj Kishore Prasad, R/o Tower-5, Flat-703, La Residentia Society, Near Ryan International School, Techzone-4 Noida Extension Bishrakh, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh - 201301, have changed the name of my minor son Idhant Shaurya, aged 14 years and he shall hereafter be known as Idhant Shaurya Sinha.

### NAME CHANGE
I LALAN S/O LAKSMI KANT R/O. H NO-2678, GALI NO-67, MOLARBAND EXTENSION, BLOCK-E-2, BADARPUR, DELHI-110044 have changed my name to LALAN SHUKLA for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, NO-16131095K, Rank-SPR, Name-LAXMAN DASAR residing at MAIBOOBA NAGAR, NALATAWAD, DIST-BIJAPUR, KARNATAKA-586124 have changed my father's name from RANGAPPA to RANGAPPA DASAR for all future purposes vide Affidavit dated 06/08/2026 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE
I, RAMANDEEP KAUR JATINDER SINGH SODHI / RAMANDEEP KAUR SODHI / RAMAN DEEP KAUR, W/O JATINDER SINGH INDERJIT SINGH SODHI, R/O HOUSE NO-5816, 3RD FLOOR,ASTER AVENUE,DLF PHASE-4,OPPOSITE SUPER-MART-1,GURGAON,HARYANA-122009,HAVE CHANGED MY NAME TO RAMANDEEP KAUR FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, LAL DAI DEVI Mother of NO-14660747W, Rank-HAV, Name-PRAMOD KUMAR CHOUDHARY residing at VILL-SALHA, POST & TEHSIL-LAHERIASARAI, DIST-DARBHANGA, BIHAR-846001 have changed my name from LAL DAI DEVI to LALDAI DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 24/07/2026 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, TARAKANT CHUDHARY father NO-14660747W, Rank-HAV, Name-PRAMOD KUMAR CHOUDHARY residing at VILL-SALHA, POST & TEHSIL-LAHERIASARAI, DIST-DARBHANGA, BIHAR-846001, have changed my name TARAKANT CHUDHARY to TARAKANT CHOUDHARY for all future purposes vide Affidavit Dated 24/07/2026 before Notary Public, Delhi.

### NAME CHANGE
I, SADDAM HUSSAIN S/o Adil Hassan R/o J-3/23, Gali No7, J-Extn., Laxmi Nagar, Delhi-110092, have changed my name to SADDAM HUSSAIN SALMANI permanently

### सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है दिव्याश (DIYYAANSH) उम्र लगभग 6 वर्ष, S/o महेश कुमार हमारा सगा पोता है दिव्याश के SMC, OBC सटिफिकेट सगी नानी बीरो देवी की दादा लाई जमीन नाम हेतू उपरोक्त सूचना नोटिस है दिव्याश की सगी माँ निधि सहरावत, नानी बीरो देवी नाना रसाबीर सिहँ की मृत्यू हो चुकी है तीनो उपरोक्तो के मृत्यू प्रमाण पत्र MCD के on Record है दिव्याश निधि सहरावत W/o महेश कुमार का इकलोता पुत्र है, on Record है दिव्याश का जन्म प्रमाण पत्र, निधि सहरावत D/o रसाबीर सिहँ, बीरो देवी W/o रसाबीर सिहँ R/o गाँव दरियापुर कला, नई दिल्ली के मूल निवासी है । दिव्याश अपनी सगी नानी बीरो देवी की नाना लाई दादा लाई जमीन का वारिश है,(हम दोनो) दिव्याश S/o महेश कुमार R/o गाव – गालिबपुर नई दिल्ली के (दादा दादी सुजानी W/o श्री भगवान S/o दलेल सिहँ R/o Same गार्जियन (अभिभावक है) क्योकि दिव्याश का पिता महेश कुमार मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है। किसी को कोई objection हो, 30 दिन में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

### NAME CHANGE
I, SHIKHA RASTOGI W/o AKHIL KUMAR RASTOGI R/o 1449/09, GALI NO-8, DURGAPURI, Shahdara, Delhi-110093 have changed my name to SHIKHA GUPTA.

### NAME CHANGE
सोने और चांदी के भाव में बुधवार को जबरदस्त उछाल के बाद गुरुवार को भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 557 रुपये चढ़कर 149050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर कारोबार कर रहा है, जो जून-जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है। चांदी की कीमतों में भी मामूली बढ़त दर्ज की गई है। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भी कीमती धातुओं को मजबूती मिली है, जिससे घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर पड़ रहा है। एमसीएक्स पर, सोना 557 रुपये बढ़कर 149050 पर पहुंच गया है, जो जून-जुलाई के बाद का सबसे उच्च स्तर है। चांदी भी हल्की बढ़त के साथ 227625 पर कारोबार कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार, कॉमैक्स पर सोने का भाव 0.41 फीसदी की बढ़त के साथ 4321 डॉलर प्रति औंस पर है, जबकि चांदी 0.08 फीसदी उछलकर 62.325 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि, अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने और ब्याज दरों को लेकर बदलती उम्मीदों ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश के रूप में सोने-चांदी की ओर मोड़ा है। इसके अलावा, होर्मुज को फिर से खोलने पर बातचीत में प्रगति से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे महंगाई का दबाव कम होने की उम्मीद है। यह स्थिति ब्याज दरों पर दबाव घटा सकती है, जिससे सोने और चांदी जैसे कीमती मेटल्स को फायदा मिल रहा है। अगर आप आज सोने के गहने खरीदने का मन बना रहे हैं, तो दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 13,740 रुपये प्रति ग्राम है। एक अनुमान के अनुसार, 5 ग्राम की झुमकी पर 12 फीसदी मेकिंग चार्ज और 3 जीएसटी सहित आपको कुल लगभग 79,252 रुपये चुकाने होंगे। वहीं, 10 ग्राम 22 कैरेट सोने का गहना खरीदने पर कुल कीमत 1,58,505 रुपये होगी। मुंबई में, 22 कैरेट सोना 13,725 रुपये प्रति ग्राम मिल रहा है, जहां 5 ग्राम के गहने के लिए लगभग 79,166 रुपये चुकाने होंगे, जिसमें मेकिंग चार्ज और जीएसटी शामिल है। चांदी के भाव की बात करें तो दिल्ली और मुंबई दोनों में यह 240 रुपये प्रति ग्राम (यानी 2,40,000 रुपये प्रति किलो) पर बिक रही है। यदि आप 10 ग्राम चांदी का आभूषण खरीदते हैं, तो मेकिंग चार्ज और जीएसटी मिलाकर आपको लगभग 2,769 रुपये चुकाने होंगे। ध्यान रहे, मेकिंग चार्ज अलग-अलग हो सकते हैं, इसलिए ये कीमतें संभावित हैं।

## मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स का आईपीओ 11 अगस्त को खुलेगा

**नई दिल्ली ।**




डेयरी कंपनी मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स लिमिटेड ने अपने 1,553 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा तय कर दिया है। यह निर्गम 11 अगस्त को खुलेगा और 13 अगस्त को बंद होगा। कंपनी ने प्रति शेयर 133 रुपये से 140 रुपये का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। यह किसी भी भारतीय डेयरी कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ होगा। इस निर्गम में 1,428 करोड़ रुपये के नए इक्विटी शेयर जारी होंगे, जबकि 125 करोड़ रुपये तक के शेयर बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत बेचे जाएंगे। एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 10 अगस्त को एक दिन के लिए खुलेगी। निर्धारित मूल्य दायरे के आधार पर, आईपीओ के बाद कंपनी का बाजार पूंजीकरण 10,310 करोड़ रुपये से 10,778 करोड़ रुपये के बीच रहने का अनुमान है। आईपीओ का 50 प्रतिशत हिस्सा पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी), 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों और 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

### सेंसेक्स 373, निफ्टी 11अंक ऊपर आया

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते की उम्मीदों से भी बाजार में निवेशक लौटे हैं। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स कारोबार के अंत में करीब 373.76 अंक बढ़कर 78,954.76 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 11.35 अंक ऊपर आकर 24,636 के स्तर पर पहुंचा। आज कुल मिलाकर करीब 2,023 शेयरों में बढ़त रही जबकि 2,058 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं 200 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो आज ऑटो, मेटल, रियल्टी और मीडिया शेयरों में भारी बिकवाली रही।

निफ्टी में आज रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, भारत इलेक्ट्रानिक्स, इटरनल और टाइटन के शेयरों में तेजी रही। वहीं दूसरी ओर पावर ग्रिड कारपोरेशन , टाट स्टाली, टीसीएस , जेएस




डब्ल्यू व बजाज ऑटो के शेयरों में गिरावट रही। वहीं मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिला-जुला कारोबार रहा। ब्रॉडर बाजार की बात करें तो उसमें मिश्रित रुख रहा। निफ्टी मिडकैप में गिरावट रही। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप में बढ़त रही।

इससे साफ है कि बाजार में निवेशकों का रुझान एक जैसा नहीं रहा ।सेक्टर के हिसाब से देखें तो निफ्टी पीएसयू बैक के शेयर उछले। निफ्टी मीडिया में गिरावट दर्ज की गयी।

## रुपया गिरावट पर बंद




**मुंबई ।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को 9 पैसे गिरकर 95.22 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 95.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान रुपया 95.13 प्रति डॉलर पर खुलकर 95.17 के स्तर तक फिसल गई। कच्चे तेल के दामों में नरमी के बावजूद भू-राजनीतिक जोखिम और डॉलर सूचकांक में मजबूती से स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा। । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.13 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.17 प्रति डॉलर तक फिसल गया, जो पिछले बंद भाव की तुलना में 14 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.13 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत बढ़कर 99.72 पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79.29 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## शिपरॉकेट ने आईपीओ के लिए 92-97 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया

**नई दिल्ली ।**

लॉजिस्टिक मंच शिपरॉकेट लिमिटेड ने अपने 1,617.5 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए गुरुवार को 92–97 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। यह निर्गम 12 अगस्त को खुलेगा। कंपनी ने सार्वजनिक सूचना में कहा कि आईपीओ 14 अगस्त को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 11 अगस्त को एक दिन के लिए खुलेगी। आईपीओ में 885.50 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा 732 करोड़ रुपये तक के शेयर बिक्री पेशकश (ओएफएस) के तहत बेचे जाएंगे। शिपरॉकेट ने दिसंबर, 2025 में दाखिल अपने मसौदा दस्तावेज में प्रस्तावित 2,342.3 करोड़ रुपये के आईपीओ की तुलना में निर्गम का आकार घटा दिया है। निर्गम का 75 प्रतिशत हिस्सा पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी), 15 प्रतिशत गैर–संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) और शेष 10 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है।

# जुलाई 2026 में 4.5 फीसदी खुदरा महंगाई रहने का अनुमानः रिपोर्ट

### खाद्य कीमतें बन सकती हैं चुनौती

**नई दिल्ली ।**

बैंक ऑफ बड़ौदा की गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में खुदरा महंगाई दर जुलाई 2026 में 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, खाद्य पदार्थों की अधिक कीमतों के कारण इसके ऊपर जाने का जोखिम बना हुआ है, जो महंगाई दर को बढ़ा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि प्याज, खाने का तेल, चावल और दाल जैसी आवश्यक वस्तुओं की ऊंची कीमतें महंगाई का व्यापक असर दिखा रही हैं, हालांकि मुख्य सब्जियों की बेहतर आवक और सामान्य मानसून से कुछ राहत मिली है। बैंक का अनुमान है कि मुख्य महंगाई (जिसमें भोजन और ईंधन शामिल नहीं है) 4-4.1 प्रतिशत पर सीमित रहने की उम्मीद है, जिसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में नरमी से सहारा मिलेगा। हालांकि, भविष्य में बढ़ती इनपुट लागत महंगाई पर दबाव बढ़ा सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा के एसेंशियल कमोडिटीज इंडेक्स (बीओबी ईसीआई) के अनुसार, जुलाई 2026 में यह सालाना आधार पर 4.1 प्रतिशत बढ़ा, जो इस पूरी श्रृंखला में सबसे तेज वृद्धि थी, और अगस्त 2026 के शुरुआती पांच दिनों में यह बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गया। सकारात्मक पहलू यह है कि मानसून की प्रगति अनुकूल रही है, जिसमें 63 प्रतिशत राज्यों में सामान्य बारिश दर्ज की गई है। इसके साथ ही, 31 जुलाई 2026 तक प्रमुख खरीफ फसलों का बुवाई क्षेत्र पिछले साल की तुलना में अधिक रहा है, जिससे भविष्य में खाद्य आपूर्ति बेहतर होने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य तेलों सहित खाद्य कीमतों में भी नरमी आई है, जो महंगाई पर दबाव कम करने में सहायक हो सकती है।

# एयरटेल ने टैरिफ संरचना में बदलाव की मांग की

**नई दिल्ली ।**

भारती एयरटेल ने भारतीय दूरसंचार बाजार में टैरिफ की मौजूदा मूल्य संरचना में मूलभूत बदलाव की मांग की है। कंपनी के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि लंबी अवधि में कंपनियों के वित्तीय रूप से टिकाऊ रहने और औसत राजस्व प्रति उपयोगकर्ता (एआरपीयू) में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए, केवल टैरिफ बढ़ाने के बजाय अधिक डेटा उपयोग करने वाले ग्राहकों से ज्यादा शुल्क लेना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह बयान उन्होंने तिमाही आय घोषणा के दौरान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा असीमित डेटा मॉडल, जो बहुत कम कीमत पर उपलब्ध है, प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) को सीमित करता है, जो उद्योग के लिए टिकाऊ नहीं है। उनका मानना है कि एक तर्कसंगत मूल्य संरचना, जहां अधिक खपत के लिए अधिक भुगतान किया जाए, भारत की बढ़ती समृद्धि के साथ अगले 5-7 वर्षों में एआरपीयू में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी दिशा होगी और प्रवेश स्तर की कीमतों को अनावश्यक रूप से बढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मौजूदा प्रणाली बनी रहती है, तो कंपनियों को वित्तीय मजबूती और 5जी नेटवर्क के विशाल निवेश को बनाए रखने के लिए टैरिफ बढ़ाने ही पड़ेंगे।




विश्लेषकों का अनुमान है कि इस वर्ष 10-15 फीसदी की टैरिफ वृद्धि आवश्यक हो सकती है। एयरटेल के एमडी और सीईओ शाश्वत शर्मा ने भी उद्योग की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए डेटा खपत के आधार पर शुल्क लेने की प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। कंपनी अपने डेटा सेंटर कारोबार नेक्सट्रा के विस्तार और अफ्रीकी बाजारों में भी अवसरों की तलाश कर रही है, जिसके लिए पर्याप्त पूंजीगत व्यय की आवश्यकता होगी।

## एलआईसी में 6.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर सरकार ने जुटाए 31,522 करोड़

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में 6.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 31,522 करोड़ रुपए जुटाए हैं, जो भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) बन गया है। इसे अत्यधिक गोपनीयता के साथ अंजाम दिया गया, जिससे बाजार को अंतिम समय तक इसकी भनक नहीं लगी। इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य ट्रेडर्स को पहले से पोजीशन बनाने और शेयर मूल्य पर अनावश्यक दबाव डालने से रोकना था।

ब्लूमबर्ग रिपोर्ट के अनुसार, डील से जुड़े निवेश बैंकों को भी अलग-अलग समय पर सूचना दी गई; कुछ को तो स्टॉक एक्सचेंज में घोषणा से ठीक पहले ही जानकारी मिली।

कोर टीम के अलावा, बाकी सलाहकारों को बाजार बंद होने के बाद ही शामिल किया गया।

सरकार ने बाजार की उम्मीदों के विपरीत एलआईसी के तिमाही नतीजों से पहले ही ओएफएस लॉन्च किया। अधिकारियों का मानना था कि यह कदम शेयर की कीमत स्थिर रखने और निवेशकों की रुचि बनाए रखने में सहायक होगा।

# भारत का घातक काल ड्रोन वैश्विक बाजार में दस्तक देने को तैयार

### स्वदेशी तकनीक से लैस यह मानवरहित विमान 1000 किमी तक मार करने में सक्षम

**नई दिल्ली ।**

भारत द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित लंबी दूरी का अचूक मारक क्षमता वाला ड्रोन काल अब अंतरराष्ट्रीय रक्षा बाजार में अपनी पहचान बनाने को तैयार है। नोएडा स्थित रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी आईजी डिफेंस द्वारा निर्मित यह मानव रहित विमान (यूएवी) खाड़ी देशों सहित कई रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राष्ट्रों का ध्यान आकर्षित कर रहा है, जो इसे अपनी सैन्य जरूरतों के लिए खरीदने में गहरी रुचि दिखा रहे हैं। केंद्र सरकार एवं निर्यात प्रक्रियाओं से आवश्यक मंजूरी मिलते ही काल ड्रोन को अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतारा जाएगा। यह भारत का पहला पूर्णतः स्वदेशी लंबी दूरी का ड्रोन है, जिसे लंबी दूरी के सटीक-स्ट्राइक मिशन और दूरदराज के सामरिक लक्ष्यों को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है। लगभग 1,000 किलोमीटर की प्रभावशाली परिचालन रेंज और 7 से 8 घंटे तक लगातार उड़ान भरने या काम करने की क्षमता वाला काल ड्रोन 50 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसकी यह क्षमता इसे लंबी दूरी के मिशन के लिए एक शक्तिशाली और बहुपयोगी उपकरण बनाती है। आईजी डिफेंस कंपनी ने बताया कि कई खाड़ी देशों ने विशेष रूप से अपनी सामरिक और युद्धक्षेत्र की आवश्यकताओं के लिए इस ड्रोन को खरीदने में रुचि दिखाई है। वर्तमान में अमेरिका-ईरान तनाव से उपजे संकट के कारण क्षेत्र में लंबी दूरी तक मार करने वाले किफायती हथियारों और अन्य सैन्य साजो-सामान की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसने काल जैसे ड्रोनों के लिए एक अनुकूल बाजार तैयार किया है। आईजी डिफेंस के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि भविष्य के युद्ध स्वायत्त और लंबी दूरी के सटीक हमला करने वाले हथियारों पर ही आधारित होंगे। ड्रोन काल भारत की उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मित्र राष्ट्रों की आधुनिक रक्षा क्षमताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए कंपनी विश्वसनीय, किफायती और उपयोग के लिए तैयार मानवरहित प्लेटफार्मों के साथ खड़ी है, जो सभी आवश्यक सरकारी अनुमोदनों और निर्यात प्रक्रियाओं का पालन करेगी। काल मौजूदा समय के युद्धों में इस्तेमाल होने वाली नई प्रौद्योगिकियों, जैसे विस्तारित रेंज और सटीक हमले वाली कम लागत की प्रणाली का एक बेहतरीन उदाहरण है।

# रसोई का बजट बिगड़ा, तेल-दाल से दूध-चीनी तक सब महंगा

### पांच माह में 99 फीसदी राशन महंगा



**नई दिल्ली ।**

फरवरी 2026 में शुरू हुए ईरान-अमेरिका युद्ध ने सिर्फ वैश्विक शांति ही भंग नहीं की, बल्कि भारतीय रसोई के बजट को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले पांच महीनों से देश का आम आदमी कमरतोड़ महंगाई की मार झेल रहा है, और अब उपभोक्ता मामले विभाग की ताजा रिपोर्ट ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। साल 2026 की शानदार शुरुआत के बाद, देश का दूसरा महीना आम जनता के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बन गया था, और फिलहाल राहत दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। प्राइस मॉनिटरिंग सिस्टम की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच महीनों में राशन की लगभग 99 प्रतिशत वस्तुओं की कीमतों में भारी इजाफा दर्ज किया गया है। खाने-पीने की मुख्य 36 चीजों में से 35 के दाम बढ़ चुके हैं, जिनमें खाने का तेल और दालें सबसे तेजी से महंगी हुई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि दालों के दामों में उछाल का एक बड़ा कारण इस बार का कमजोर मानसून भी है। जुलाई के अंत तक खरीफ दालों की फसल पिछले साल के मुकाबले लगभग 7 प्रतिशत कम रही है, जिससे देश में दालों का उत्पादन घटा है और आयात पर निर्भरता बढ़ी है।

आम जनता की मुसीबतें यहीं खत्म होती नहीं दिख रहीं हैं। सावन के बाद राखी, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दशहरा और दीवाली जैसे बड़े त्योहार आने वाले हैं। त्योहारों के दौरान बाजार में खाने-पीने की चीजों की मांग काफी बढ़ जाती है। बाजार विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि वैश्विक स्तर पर ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण बने हालात ऐसे ही बने रहे, तो आने वाले त्योहारी सीजन में महंगाई का ग्राफऔर भी ऊपर जाएगा, जिससे आम आदमी का बजट पूरी तरह चरमरा सकता है।

# होर्मुज समझौते से चढ़ा कच्चे तेल का भाव, क्रूड में आई तेजी



**नई दिल्ली ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों को गुरुवार को बड़ी राहत मिली। लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद, ईरान और ओमान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर हुए एक अस्थायी समझौते ने कीमतों को सहारा दिया। ताजा आंकड़ों के अनुसार ब्रेंट क्रूड (अक्टूबर वायदा) 0.54 फीसदी की बढ़त के साथ 79.88 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान यह 80.34 डॉलर तक चढ़ गया था। वहीं, अमेरिकी बेंचमार्क डब्ल्यूटीआई क्रूड (सितंबर वायदा) भी 0.52 फीसदी की तेजी के साथ 75.61 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान इसका भाव 74.64 डॉलर से 76.02 डॉलर प्रति बैरल के बीच रहा। होर्मुज समझौते के तहत, ईरान और ओमान ने इस अहम जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के लिए अगले दो से चार महीने के लिए एक अस्थायी शिपिंग मार्ग पर सहमति जताई है। हालांकि, ईरान ने स्पष्ट किया है कि इसका मतलब होर्मुज का पूरी तरह खुलना नहीं है। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे एक बड़े समझौते की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है, लेकिन बाजार अभी भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं है और स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। एक तरफ जहां होर्मुज को लेकर राहत की खबर है, वहीं दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव अब भी बरकरार है।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में सऊदी अरब के एक तेल टैंकर पर हमला करने का दावा किया है और लाल सागर से गुजरने वाले अन्य जहाजों को भी चेतावनी दी है। यही वजह है कि बाजार को अभी भी आशंका है कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो तेल आपूर्ति और शिपिंग पर बुरा असर पड़ सकता है। आने वाले दिनों में निवेशक इस समझौते की अवधि, पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति ओपेक प्लस के फैसलों और वैश्विक तेल मांग पर बारीकी से नजर रखेंगे, जो कच्चे तेल की अगली चाल को निर्धारित करेंगे।

# एलन मस्क ने एक दिन में गंवाए 89.6 अरब डॉलर, अंबानी की कुल संपत्ति से भी ज्यादा

### टेस्ला और स्पेसएक्स के शेयर लुढ़के, टॉप 10 में से 8 अरबपतियों की संपत्ति घटी



**वाशिंगटन।**

दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क की नेटवर्थ में हाल ही में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई है। स्पेसएक्स के शेयरों में 13.61 फीसदी और टेस्ला के शेयरों में 1.77 फीसदी की भारी गिरावट के चलते मस्क की संपत्ति में 89.6 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। यह रकम रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की कुल नेटवर्थ (85.7 अरब डॉलर) से भी अधिक है। हालांकि, इस भारी गिरावट के बावजूद, साल 2026 की शुरुआत से अब तक मस्क की संपत्ति में कुल 68.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी बनी हुई है। वैश्विक स्तर पर सिर्फ मस्क ही नहीं बल्कि दुनिया के शीर्ष 10 अरबपतियों में से 8 की नेटवर्थ में गिरावट आई। गूगल के कोफाउंडर लैरी पेज को 11.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ, जिनकी नेटवर्थ 309 अरब डॉलर रह गई।

सर्गेई ब्रिन को भी 10.5 अरब डॉलर की चपत लगी, जिससे वे 288 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए। भारतीय अरबपतियों में गौतम अडानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर हैं। बुधवार को उनकी संपत्ति में 27.2 लाख डॉलर का इजाफा हुआ और इस वर्ष अब तक वे 28.1 अरब डॉलर कमा चुके हैं। वहीं मुकेश अंबानी की नेटवर्थ बुधवार को 51.4 करोड़ डॉलर घटी है और साल 2026 में अब तक उनकी कुल संपत्ति में 22 अरब डॉलर की कमी आई है।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता का स्वर्णिम अध्याय का आगाज



विनोद कुमार सिंह

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की सफलता यह सिद्ध करती है कि जब नीति,तकनीक और जनभागीदारी एक साथ आगे बढ़ते हैं तो परिवर्तन केवल सरकारी आँकड़ों तक सीमित नहीं रहता,बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को प्रभावित करता है। बिजली का घटता खर्च, घरेलू आय में वृद्धि,स्थानीय रोजगार,स्वदेशी विनिर्माण और पर्यावरण संरक्षण–इन सभी का समन्वय इस योजना को भारत की सबसे प्रभावशाली ऊर्जा पहलों में शामिल करता है।आज भारत जिस आत्मविश्वास के साथ हरित ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रहा है,वह विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

**50** लाख घरों तक पहुँची सूर्य की रोशनी, हरित भारत की ओर तेजी से बढ़ता राष्ट्र...

ऊर्जा किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति, औद्योगिक विकास और सामाजिक समृद्धि की आधारशिला होती है।इक्कीसवीं सदी में ऊर्जा सुरक्षा का अर्थ केवल बिजली उत्पादन या पेट्रोलियम संसाधनों तक सीमित नहीं रह गया है,बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, तकनीकी आत्मनिर्भरता, घरेलू विनिर्माण,ऊर्जा भंडारण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ गया है।भारत ने पिछले कुछ वर्षों में जिस गति से नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है,उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश केवल ऊर्जा उपभोक्ता नहीं,बल्कि वैश्विक हरित ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है।नई दिल्ली में आयोजित ऊर्जा सम्मेलन में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा साझा किए गए आँकड़े इस परिवर्तन की सशक्त तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 50 लाख परिवारों को लाभ मिल चुका है। यह उपलब्धि केवल एक सरकारी योजना की सफलता नहीं,बल्कि भारत के ऊर्जा इतिहास में जनभागीदारी पर आधारित एक नई क्रांति का संकेत है।सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह है कि अक्टूबर 2025 तक जहाँ देश में प्रतिदिन लगभग 5,000 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा रहे थे, वहीं जुलाई 2026 तक यह संख्या बढ़कर 16,000 से अधिक प्रतिदिन पहुँच गई। अर्थात मात्र कुछ महीनों में स्थापना की गति तीन गुना से अधिक हो गई।यह आँकड़ा बताता है कि स्वच्छ ऊर्जा अब केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं रही,बल्कि करोड़ों भारतीय परिवारों का जनआंदोलन बन चुकी है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य केवल बिजली बिल कम करना नहीं है। यह योजना प्रत्येक परिवार को ऊर्जा उत्पादक बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल है। घरों की छतों पर स्थापित सौर संयंत्र दिन के समय बिजली उत्पन्न करते हैं। आवश्यकता से अधिक बिजली ग्रिड में भेजी जा सकती है,जिससे उपभोक्ता आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकते हैं।इससे बिजली वितरण कंपनियों पर दबाव कम होता है तथा देश में विकेंद्रीकृत ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिलता है।भारत आज लगभग 300 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्थापित विद्युत क्षमता के ऐतिहासिक पड़ाव के निकट पहुँच चुका है। सरकार ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता विकसित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य केवल जलवायु परिवर्तन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति भर नहीं है, बल्कि ऊर्जा आयात पर निर्भरता कम करने, कार्बन उत्सर्जन घटाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का भी आधार है।स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भारत की सफलता के पीछे अनेक दूरदर्शी नीतिगत निर्णय हैं। सरकार ने उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना लागू की है, जिससे घरेलू विनिर्माण को नई गति मिली है। इसके अतिरिक्त ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर कार्यक्रम के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने की क्षमता बढ़ाई जा रही है। नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और घटकों पर कर राहत,बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (इएरर) के लिए लिथियम-आयन सेल निर्माण हेतु पूंजीगत वस्तुओं पर सीमा शुल्क में छूट तथा Renewable Energy Equipment Import Monitoring System जैसी पहलों ने उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान की है।




आज भारत विश्व के उन चुनिंदा देशों में शामिल है जो सौर ऊर्जा विनिर्माण को रणनीतिक क्षेत्र के रूप में विकसित कर रहे हैं। सरकार का उद्देश्य केवल सौर पैनल आयात करना नहीं, बल्कि उन्हें देश में ही निर्मित कर वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना है। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी,रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा भारत वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकेगा।केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री एच. डी. कुमारस्वामी ने अपने संबोधन में सही कहा कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा केवल प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता से तय नहीं होगी, बल्कि इस बात से तय होगी कि कोई राष्ट्र स्वच्छ ऊर्जा उपकरणों, बैटरियों और उन्नत प्रौद्योगिकियों का कितना उत्पादन कर सकता है। यही कारण है कि सरकार ऊर्जा विनिर्माण को औद्योगिक विकास के साथ जोड़ रही है।इसी दिशा में 18,100 करोड़ रुपये की एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (ACC) बैटरी पीएलआई योजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य देश में अत्याधुनिक बैटरी निर्माण क्षमता विकसित करना तथा आयात पर निर्भरता कम करना है।ऊर्जा भंडारण की मजबूत व्यवस्था के बिना सौर और पवन ऊर्जा का व्यापक उपयोग संभव नहीं है। इसलिए बैटरी निर्माण भविष्य की ऊर्जा अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनने जा रहा है।स्वच्छ ऊर्जा का लाभ केवल बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है। यह इलेक्ट्रिक वाहनों, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा दक्ष उद्योगों तथा आधुनिक परिवहन व्यवस्था को भी नई दिशा प्रदान करती है। पीएम ई-ड्राइव योजना इसी व्यापक दृष्टि का हिस्सा है, जो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देकर पेट्रोलियम ईंधन पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रही है।इससे प्रदूषण में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत तथा घरेलू ऑटोमोबाइल उद्योग को नई तकनीकी दिशा मिलेगी।

इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि दिल्ली मेट्रो को मध्य प्रदेश से प्राप्त स्वच्छ ऊर्जा न केवल पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण है,बल्कि राज्यों के बीच ऊर्जा सहयोग की भी मिसाल है। इससे यह स्पष्ट होता है कि ऊर्जा संक्रमण केवल केंद्र सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राज्यों की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है।ऊर्जा सम्मेलन में भूटान और श्रीलंका की भागीदारी ने दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग की नई संभावनाओं को भी रेखांकित किया।भूटान ने वर्ष 2040 तक 25 गीगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा है,जिसमें 15 गीगावाट जलविद्युत और 5 गीगावाट सौर ऊर्जा शामिल होगी। भारत और भूटान के बीच पाँच दशकों से अधिक पुराना ऊर्जा सहयोग दोनों देशों के आर्थिक संबंधों की मजबूत आधारशिला रहा है।श्रीलंका ने भी ऊर्जा सुरक्षा,ग्रिड आधुनिकीकरण,स्वच्छ ऊर्जा निवेश तथा क्षेत्रीय सहयोग को भविष्य की आवश्यकता बताया। दक्षिण एशिया के देशों के बीच बिजली व्यापार, स्वच्छ ऊर्जा निवेश और तकनीकी साझेदारी आने वाले वर्षों में ऊर्जा क्षेत्र की नई दिशा तय करेंगे।सम्मेलन की एक अन्य विशेषता दो दिवसीय प्रदर्शनी रही, जिसमें लगभग 25 अग्रणी ऊर्जा कंपनियों और संस्थानों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में नवीनतम सौर तकनीक,ऊर्जा भंडारण प्रणाली, स्मार्ट मीटरिंग, डिजिटल ऊर्जा प्रबंधन,स्वच्छ औद्योगिक समाधान तथा अगली पीढ़ी की ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया।ऐसे आयोजन उद्योग, निवेशकों और नीति-निमार्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, भारत की ऊर्जा यात्रा केवल विकास की कहानी नहीं है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से मुकाबले की भी कहानी है।स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार कार्बन उत्सर्जन कम करेगा,वायु प्रदूषण घटाएगा, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करेगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करेगा।यही कारण है कि आज ऊर्जा नीति को आर्थिक नीति, औद्योगिक नीति और पर्यावरण नीति के साथ समान महत्व दिया जा रहा है।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की सफलता यह सिद्ध करती है कि जब नीति,तकनीक और जनभागीदारी एक साथ आगे बढ़ते हैं तो परिवर्तन केवल सरकारी आँकड़ों तक सीमित नहीं रहता,बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को प्रभावित करता है। बिजली का घटता खर्च, घरेलू आय में वृद्धि,स्थानीय रोजगार,स्वदेशी विनिर्माण और पर्यावरण संरक्षण–इन सभी का समन्वय इस योजना को भारत की सबसे प्रभावशाली ऊर्जा पहलों में शामिल करता है।आज भारत जिस आत्मविश्वास के साथ हरित ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रहा है,वह विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।यदि यही गति बनी रही तो वर्ष 2030 तक भारत न केवल अपने 500 गीगावाट गैर- जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होगा, बल्कि विश्व के लिए स्वच्छ ऊर्जा,हरित प्रौद्योगिकी और टिकाऊ विकास का प्रेरणास्रोत भी बनेगा। वास्तव में, भारत की छतों पर चमकते सौर पैनल केवल बिजली नहीं बना रहे, वे आत्मनिर्भर,समृद्ध और पर्यावरण-अनुकूल भारत के उज्ज्वल भविष्य की रोशनी भी गढ़ रहे हैं।

## संपादकीय

### जिंदगियां बचाने के लिए

हाल ही में लोकसभा में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े जो आंकड़े पेश किए गए वे विचलित करने वाले हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार देश में बीते साल सड़क दुर्घटनाओं में 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान अप्रत्याशित रूप से हुए 5.13 लाख से अधिक सड़क हादसों में 1.83 लाख लोगों की मृत्यु हो गई। इन हादसों में घायल होने वालों का आंकड़ा कितना बड़ा होगा, निष्कर्ष निकालना कठिन न होगा। निश्चिय ही यह बेहद चिंताजनक विरोधाभास है कि जिस देश में हर दिन सड़क हादसों में पांच सौ से अधिक निर्दोष लोगों की मृत्यु हो जाती है, वहां आधे से अधिक पंजीकृत मोटर वाहन बिना जरूरी बीमा के चल रहे हैं। यह प्रतिशत 56 बताया जाता है। नागरिक स्तर पर तो यह एक आपराधिक लापरवाही है ही, बीमा न कराने का स्तर मोटर वाहन अधिनियम को लागू करने में बड़ी खामी को भी दशार्ता है। यह सुखद है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस समस्या को बेहद गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को एक पायलट प्रोजेक्ट आजमाने को कहा है, जिसके तहत वैध बीमा न होने वाले वाहन चालक को पेट्रोल पंपों पर ईंधन देने से मना किया जा सकता है। बहुत संभव है इस योजना के क्रियान्वयन से बहुत सारे वाहन चालक वाहन बीमा कराने को बाध्य हो जाएं। निश्चित रूप से थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस सिर्फ एक कानूनी जरूरत भर नहीं है। वास्तव में यह नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है। इसका उद्देश्य यह निश्चित करना है कि सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों और उनके परिवारों को सालों तक अदालतों के चक्कर काटे बिना समय पर जरूरी मुआवजा मिल सके। यह सर्वविदित सत्य है कि जब लाखों गाड़ियां बिना बीमे के चलती हैं तो इन दुर्घटनाओं का बोझ हादसे के पीड़ितों और उनके परिजनों पर पड़ता है। जिसके चलते इनमें से कई लोग सड़क दुर्घटनाओं के शारीरिक और आर्थिक प्रभावों से उबरने के लिए संघर्ष करते रहते हैं।

## चिंतन-मनन

### थुकदम' पर शोध खोलेगा जीवन-मृत्यु का रहस्य

गीता में कहा गया है कि शरीर तो एक पुतला मात्र है इसमें मौजूद आत्मा जीव है। यह जिस शरीर में होता है उस शरीर के गुण, कर्म और अपेक्षा के अनुरूप मृत्यु के बाद नया शरीर धारण कर लेता है। आत्मा न तो जन्म लेता है और न इसकी मृत्यु होती है। जब तक आत्मा शरीर में रहती है तब-तक शरीर जीवत रहता है। आत्मा द्वारा शरीर का त्याग करते ही शरीर सड़ने लगता है और इससे बदबू आने लगती है। गरूड़ पुराण में कहा गया है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद भी काफी समय तक आत्मा शरीर के आस-पास भटकती रहती है। जिस व्यक्ति की मृत्यु आ जाती है और उनका मोह शरीर से लगा रहता है उनकी आत्मा को यमदूत जबरदस्ती खींचकर ले जाते हैं। यही कारण है कि प्राचीन काल में योगी मुनि अपनी इच्छा से योग द्वारा शरीर का त्याग करते थे।

माना जाता है कि इस प्रकार शरीर का त्याग करने से सद्गति प्राप्त होती है। हिन्दू धर्म के अलावा बौद्ध धर्म में भी ऐसी ही मान्यता है। इसलिए बौद्ध भिक्षु भी योग द्वारा शरीर त्याग किया करते थे। योग द्वारा शरीर का त्याग करने से शरीर जल्दी दूषित नहीं होता है, क्योंकि उसमें जीवन का अंश मौजूद रहता है। हाल ही में धर्मशाला स्थित डेलेक अस्पताल में बौद्ध भिक्षु गैंगिंग खेतरुल रिंपोंछे की मौत के छह दिन बाद भी उसके पार्थिव शरीर के सुरक्षित रहने से दुनिया भर के चिकित्सक हैरान हैं। हालांकि इससे पूर्व जनवरी 2013 में भी दक्षिण भारत की ड्रेपुंग मोनेस्ट्री में इस तरह का मामला सामने आया है, जिसमें मोनेस्ट्री के प्रमुख रहे लोबसंग निमा मौत के बाद 18 दिन तक इसी अवस्था में रहे थे।

इन घटनाओं ने मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति की मान्यताओं पर एक नयी बहस छेड़ दी है और शास्त्रों एवं पुराणों की मान्यताओं पर पुनः अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित किया है। हालांकि, वैज्ञानिक शोध में जुटे चिकित्सक अभी तक यही मान रहे हैं कि जब तक आत्मा है, तब तक शरीर सुरक्षित रहेगा। थुकदम (यानी मृत्यु के बाद भी शरीर के यथावत रहने की मुद्रा) के शोध प्रोजेक्ट पर काम कर रहे डेलेक अस्पताल के चीफ मेडिकल आफिसर डा. छेतेन दोरजे का कहना है कि विज्ञान हालांकि इस बात को स्वीकार नहीं करता मगर, हमें मानना होगा कि यह जीवन और जीवन के बाद आत्मा से जुड़ा पहलू है। उन्होंने दावा किया बहुत जल्द वैज्ञानिक तथ्यों के साथ वह इसके रहस्य तक भी पहुंचने वाले हैं। लेकिन इसके लिए उन्हें इस तरह के और सब्जेक्ट की तलाश है।

# आत्मनिर्भर भारत की असली पहचान है हथकरघा



दिलीप कुमार पाठक

**आ**जकल हम जब भी कपड़े खरीदने की सोचते हैं, तो सीधे बड़े-बड़े मॉल या नामी ब्रांड्स के शोरूम की तरफ भागते हैं। लेकिन इस चकाचौंध में हम अपने ही देश के गाँवों में रची उस जादुई कला को भूल जाते हैं, जो सिर्फ हाथों के हुनर से कोरे धागों में जान फूंक देती है। हर साल सात अगस्त को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कोई सरकारी रस्म नहीं है। यह दिन हमारे देश के उन लाखों बुनकरों के टैलेंट और मेहनत को सलाम करने का मौका है, जो सदियों से भारत को अपनी कला से सजा रहे हैं। इस दिन का हमारी आजादी की लड़ाई से बहुत गहरा नाता है। जब अंग्रेजों ने हमारे देश को बांटने की कोशिश की, तो सात अगस्त के दिन ही कोलकाता से स्वदेशी आंदोलन की शुरूआत हुई थी। उस समय विदेशी कपड़ों को जलाकर अपने देश के हाथ से बने कपड़ों को अपनाना अंग्रेजों के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार बना था। इसी ऐतिहासिक दिन को याद रखने के लिए सरकार ने करीब एक दशक पहले इस दिवस को मनाने का फैसला किया। तब से यह दिन सिर्फ इतिहास को याद करने का नहीं, बल्कि अपने गाँव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का जरिया बन गया है।

अगर देश की तरक्की की बात करें, तो यह हथकरघा उद्योग आज भी हमारे गाँवों की असली रीढ़ है। कपड़ा मंत्रालय का रिकॉर्ड बताता है कि खेती के बाद सबसे ज्यादा परिवारों का चूल्हा इसी काम से जलता है। इस काम की सबसे खूबसूरत बात यह है कि इसमें काम करने वाले कुल लोगों में तीन-चौथाई से भी ज्यादा महिलाएं हैं। इसका सीधा सा मतलब यह है कि जब आप खादी या हाथ से बुना हुआ कोई भी कपड़ा खरीदते हैं, तो आपकी जेब से निकला पैसा सीधे किसी सुदूर गाँव में बैठी महिला को आत्मनिर्भर बनाता है। आज पूरी दुनिया में भारतीय हथकरघा अपनी पहिचान बना रहा है।

हाल के बरसों के सरकारी आंकड़ों को देखें तो हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के विदेशों में बिकने की रफ्तार लगातार बढ़ रही है। आज दुनिया भर में लोग ऐसे कपड़ों की मांग कर रहे हैं जो पर्यावरण को नुकसान न पहुँचाएँ और हमारा हथकरघा इस मामले में सौ फीसदी खरा है। इसे बनाने में न तो बिजली का बड़ा बिल आता है और न ही कैमिकल का इस्तेमाल होता है। यही वजह है कि अमेरिका, दुबई और यूरोप के बड़े बाजारों में बनारसी सिल्क, भागलपुरी चादर, तेलंगाना की इकत या ओडिशा की संबलपुरी साड़ी की जबरदस्त मांग है। लेकिन इस चमक के पीछे बुनकरों का एक दर्द भी समाहित है। आज मशीनों से धड़ाधड़ बनने वाले सस्ते कपड़ों की वजह से हाथ के कारीगरों को सही दाम और पहचान के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बाजार में मशीनी कपड़ों को असली हथकरघा बताकर बेच दिया जाता है, जिससे बुनकरों का हक मारा जाता है। इस धोखेबाजी को रोकने के लिए सरकार ने असली कपड़ों की पहचान के लिए हैंडलूम मार्क और जीआई टैग जैसी व्यवस्था की है। साथ ही इंडिया हैंडमेड जैसी वेबसाइट्स के जरिए बुनकरों को सीधे ग्राहकों से जोड़ा जा रहा है ताकि बीच के दलाल उनकी कमाई न खा सकें। हालांकि हथकरघा से जुड़े लोगों का फायदा केवल सोशल मीडिया पर वाह - वाह करने से नहीं होगा। असली बदलाव तब आएगा जब हम अपनी सोच बदलेंगे। हमें अपनी शादियों, त्योहारों और रोजमर्रा के पहनावे में इन कपड़ों को जगह देनी होगी। जब हमारी युवा पीढ़ी गर्व से हैंडलूम पहनेगी, तभी यह सदियों पुरानी कला बची रहेगी। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए, कि अपनी अलमारी में कम से कम एक जोड़ी कपड़ा हाथ से बुना हुआ जरूर रखेंगे। इन धागों को बचाना सिर्फ सरकार का काम नहीं, हम सबकी जिम्मेदारी है।

(लेखक पत्रकार हैं)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# शिक्षा से जुड़ी जान जोखिम में डालने वाली चिन्ताजनक मजबूरियां



ललित गर्ग

**भा**रत आज विकसित राष्ट्र बनने, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और 2047 तक 'विकसित भारत' का स्वप्न साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन शिक्षा, नई शिक्षा नीति, आधुनिक विश्वविद्यालय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा जैसे विषय हमारे विकास के प्रतीक बन चुके हैं। लेकिन इसी भारत की एक तस्वीर ऐसी भी है जो इन सभी उपलब्धियों को कठोर प्रश्नों के कटघरे में खड़ा कर देती है। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में बरसाती उफान के बीच बेतवा नदी को पार कर स्कूल जाते मासूम बच्चों की तस्वीर केवल एक घटना नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल का आईना है जिसमें चमक अधिक है और संवेदना कम। वास्तव में किसी भी राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक मापदंड उसकी गगनचुंबी इमारतें, चौड़ी सड़कें अथवा डिजिटल सुविधाएँ नहीं होतीं, बल्कि यह होता है कि उस देश का सबसे अंतिम, सबसे कमजोर और सबसे गरीब बच्चा कितनी सुरक्षा और सम्मान के साथ शिक्षा प्राप्त कर पा रहा है। यदि किसी बच्चे को विद्यालय पहुँचने के लिए उफनती नदी, बहते नाले, टूटी पुलिया, जर्जर रास्ते या जानलेवा परिस्थितियों का सामना करना पड़े तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा पर भी प्रश्नचिह्न है।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रत्येक बच्चे को उसके घर के समीप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना राज्य की जिम्मेदारी है। लेकिन वास्तविकता यह है कि अनेक गांवों में या तो विद्यालय हैं ही नहीं, और यदि हैं भी तो उनमें शिक्षक नहीं हैं। कहीं शिक्षक हैं तो विद्यार्थी नहीं, कहीं भवन हैं तो पढ़ाई नहीं, कहीं भवन ही जर्जर होकर मौत का इंतजार कर रहे हैं। ऊपर से विद्यालयों के समानीकरण की नीति ने अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की दूरी और बढ़ा दी है। परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों को प्रतिदिन कई किलोमीटर पैदल चलकर, नदियाँ पार कर अथवा जोखिम भरे रास्तों से होकर विद्यालय पहुँचना पड़ता है। विडंबना यह है कि आज हम शिक्षा में तकनीक के बढ़ते प्रयोग पर गर्व कर रहे हैं। स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल कंटेंट, ऑनलाइन परीक्षाएँ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण की चर्चा हो रही है। लेकिन जब बच्चा विद्यालय तक सुरक्षित पहुँच ही नहीं पा रहा, तब यह सारी तकनीकी प्रगति उसके लिए केवल एक दूर का सपना बनकर रह जाती है। शिक्षा की पहली शर्त सुरक्षित विद्यालय तक पहुँचना है। यदि यही सुनिश्चित नहीं है तो स्मार्ट क्लासरूम भी उस बच्चे का उपहास ही बन जाते हैं।

यह समस्या केवल मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं है। देश के अनेक राज्यों में बरसात आते ही हजारों बच्चे उफनते नालों, अस्थायी पुलों और क्षतिग्रस्त सड़कों को पार कर विद्यालय जाने को मजबूर होते हैं। कहीं नाव की व्यवस्था नहीं, कहीं पुल वर्षों से अधूरा पड़ा है, कहीं सड़क निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। कई स्थानों पर बच्चे घंटों पानी उतरने का इंतजार करते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। कई बच्चे भय के कारण विद्यालय जाना ही छोड़ देते हैं। इस प्रकार शिक्षा से वंचित होने का सबसे बड़ा कारण केवल गरीबी नहीं, बल्कि असुरक्षित आधारभूत संरचना भी बनती जा रही है। शिक्षा क्षेत्र की जानलेवा परिस्थितियाँ केवल नदी या नाले तक सीमित नहीं हैं। पिछले वर्षों में अनेक दर्दनाक घटनाएँ सामने आई हैं। कहीं जर्जर स्कूल भवन ढह गए, कहीं विद्यालयों में करंट लगने से बच्चों की मौत हुई, कहीं आग लगने से मासूम झुलस गए, कहीं ओवरलोड ऑटो और वैन दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। दिल्ली के कोचिंग संस्थान में हुई त्रासदी ने यह भी दिखाया कि शिक्षा के नाम पर संचालित संस्थानों में सुरक्षा मानकों की कितनी घोर अनदेखी होती है। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और उससे उपजी निराशा ने अनेक प्रतिभाशाली छात्रों को आत्महत्या तक के लिए विवश किया। क्या यह भी शिक्षा व्यवस्था की असुरक्षा का ही एक रूप नहीं है?

सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि हमारी सरकारी व्यवस्था अक्सर किसी दुर्घटना के बाद ही क्यों जागती है? जब तक कोई बच्चा नदी में बह नहीं जाता, भवन गिर नहीं जाता, आग नहीं लग जाती या कोई बड़ा हादसा नहीं हो जाता, तब तक प्रशासनिक मशीनरी की संवेदनाएँ जैसे सोई रहती हैं। घटना के बाद जांच समिति बनती है, निलंबन होता है, मुआवजा घोषित होता है और कुछ दिनों बाद सब कुछ फिर सामान्य हो जाता है। यह प्रतिक्रियात्मक शासन व्यवस्था किसी भी सभ्य लोकतंत्र के लिए उचित नहीं कही जा सकती। इस विफलता के पीछे भ्रष्टाचार भी एक बड़ा कारण है। भवन निर्माण से लेकर सड़क, पुल, विद्यालय सुरक्षा प्रमाणपत्र, वाहन फिटनेस और निरीक्षण व्यवस्था तक अनेक स्तरों पर लापरवाही और भ्रष्टाचार व्याप्त है। कई बार बिना सुरक्षा मानकों की पूर्ति किए ही विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों और परिवहन वाहनों को अनुमति मिल जाती है। निरीक्षण कागजों में पूरा हो जाता है और वास्तविकता किसी दुर्घटना के बाद सामने आती है। यदि जिम्मेदारी तय करने की संस्कृति विकसित नहीं होगी तो ऐसी घटनाएँ कभी समाप्त नहीं होंगी।

सरकार को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल पुस्तकें बाँटने, छात्रवृत्ति देने और परीक्षाएँ आयोजित करने का नाम नहीं है। शिक्षा का वास्तविक अर्थ है-बच्चे के लिए सुरक्षित वातावरण, सम्मानजनक विद्यालय, प्रशिक्षित शिक्षक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और निर्भय आवागमन की व्यवस्था। जिस बच्चे का प्रतिदिन का संघर्ष विद्यालय तक जीवित पहुँचने का हो, वह ज्ञान की ऊँचाइयों तक कैसे पहुँचेगा? आज आवश्यकता यह है कि शिक्षा सुरक्षा को राष्ट्रीय मिशन बनाया जाए। जिन क्षेत्रों में नदी या नाले बाधा बनते हैं, वहाँ स्थायी पुलों का निर्माण प्राथमिकता से हो। जब तक पुल नहीं बनते, तब तक सुरक्षित नाव या जल परिवहन की सरकारी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक विद्यालय का वार्षिक सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य हो। जर्जर भवनों को तत्काल बंद किया जाए और नए भवनों का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। स्कूल वाहनों के लिए कठोर सुरक्षा मानक लागू हों तथा उनका नियमित निरीक्षण हो। प्रत्येक विद्यालय में अग्निशमन, आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार की प्रभावी व्यवस्था हो। साथ ही प्रत्येक दुर्घटना के लिए केवल निचले कर्मचारियों पर कार्रवाई न होकर उच्च अधिकारियों तक जवाबदेही तय की जाए।

विकसित भारत का सपना तभी सार्थक होगा जब विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चे तक



पहुँचेगा। जिस राष्ट्र में बच्चे शिक्षा पाने के लिए जान जोखिम में डालने को विवश हों, वहाँ विकास के दावे अधूरे प्रतीत होते हैं। विश्वगुरु बनने का मार्ग केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, सुरक्षित शिक्षा और समान अवसरों से होकर गुजरता है। आज आवश्यकता नए कानून बनाने से अधिक उन कानूनों को ईमानदारी से जमीन पर उतारने की है। जब तक शासन की प्राथमिकताओं में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च स्थान नहीं पाएगी, तब तक विकास के बड़े-बड़े दावे खोखले लगते रहेंगे। सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज-सभी को यह संकल्प लेना होगा कि देश का कोई भी बच्चा केवल इसलिए अपनी जान जोखिम में नहीं डालेगा कि वह पढ़ना चाहता है। यदि भारत को वास्तव में 2047 तक विकसित राष्ट्र बनना है, तो सबसे पहले उसे अपने बच्चों के लिए सुरक्षित बचपन और सुरक्षित शिक्षा सुनिश्चित करनी होगी। क्योंकि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसकी संसदों, मंत्रालयों या महानगरों में नहीं, बल्कि उन छोटे-छोटे विद्यालयों में लिखा जाता है जहाँ मासूम बच्चे अपने सपनों के साथ बैठते हैं। यदि उन सपनों की रक्षा नहीं हो सकी, तो विकसित भारत का स्वप्न भी अधूरा ही रह जाएगा।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

**संक्षिप्त समाचार**

## पर्यावरण कानून के तहत कोलंबिया में 839 गिरफ्तार

**बोगोटा, एजेंसी।** पांच अमेजन देशों की पुलिस ने अमेजन वर्षावन में पर्यावरण अपराधों पर बड़ी कार्रवाई की। इसमें सैकड़ों गिरफ्तारियां हुईं और लकड़ी, खनिज तथा हजारों पशुधन जब्त किए गए। बोलीविया, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर और पेरू ने 15 से 31 जुलाई तक 'ऑपरेशन ग्रीन शील्ड 2026' चलाया। इसमें 3,600 से अधिक अधिकारी तैनात थे। इसका लक्ष्य अवैध खनन, कटाई, वन्यजीव तस्करी और भूमि हथियाना था। ऑपरेशन में 839 गिरफ्तारियां और 1,045 फील्ड कार्रवाई हुई। 280,000 क्यूबिक मीटर से अधिक अवैध लकड़ी, 195 मीट्रिक टन खनिज जब्त हुए। 3,000 से अधिक जीवित जानवर बचाए गए, 430 मृत जानवर भी बरामद हुए। जब्त सामान का मूल्य 280 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक था। यह 2025 के समान ऑपरेशन के बाद हुई थी। इस वर्ष बोलीविया को भी शामिल किया गया।

## अमेरिका ने ब्राजील की राजदूत का वीजा रद्द किया, चुनाव से पहले तनाव बढ़ा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन ने ब्राजील की राजदूत मारिया लुइजा रिबेरो वियोटी का वीजा रद्द कर दिया है। यह ब्राजील के अमेरिकी राजनयिकों को वीजा न देने और राजदूत नामांकन में देरी का जवाबी कदम है। विदेश विभाग ने कहा कि ब्राजील की कार्रवाइयों का यह निर्णय उचित कार्रवाई पर तुरंत बदला जा सकता है। ट्रंप और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के प्रशासन के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। ट्रंप, लूला के पूर्ववर्ती जैर बोल्सोनारो और उनके बेटे फ्लेवियो बोल्सोनारो के समर्थक हैं। फ्लेवियो अक्तूबर चुनाव में लूला के मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं। ब्राजील ने जुलाई में अमेरिकी राजनयिक रिले बार्न्स और उनके एक सहयोगी को वीजा नहीं दिया था। ट्रंप प्रशासन ने ब्राजील के बड़े मादक पदार्थ तस्करी समूहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया। शुक्रवार, 1 अगस्त, 2026 को ब्राजील के निर्यातों पर 37.5 फीसदी तक शुल्क वृद्धि भी लागू हुई। लूला प्रशासन इसे सीनेटर बोल्सोनारो के पक्ष में चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास मानता है।

## खैबर पख्तूनख्वा में बारिश से संबंधित घटनाओं में छह की मौत, 65 घर क्षतिग्रस्त

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सप्ताह के भीतर बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार मंगलवार को, भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रांत के कई जिलों में व्यापक क्षति हुई है। 29 जुलाई से अब तक इन घटनाओं में छह अन्य लोग घायल भी हुए हैं। पीडीएमए के एक प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। प्राधिकरण ने जानकारी दी कि प्रांत में कुल 65 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इनमें से 41 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है, जबकि 24 घर पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। प्रभावित जिलों में एबटाबाद, स्वात, बुनेर, खैबर, लोअर चित्राल, लोअर दीर, मानसेहरा, मरदान, पेशावर, शांगला, स्वाबी, अपर दीर और अपर कोहिस्तान शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि पीडीएमए, रेस्क्यू 1122, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित विभाग प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त रूप से राहत अभियान चला रहे हैं। पीडीएमए के महानिदेशक ने जिला प्रशासनों को राहत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता सुनिश्चित करने को भी कहा है।

## अफ्रीका में भीषण हादसा : यात्री वैन और ट्रक की टक्कर 14 लोगों की मौत, चालक की लापरवाही पड़ी भारी

**कम्पाला, एजेंसी।** युगांडा में एक यात्री वैन और रेत ले जा रहे ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इसमें कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह हादसा सोमवार रात कालुंगु जिले के कमुंगा ट्रेडिंग सेंटर इलाके में एक राजमार्ग पर हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मरने वाले सभी लोग वैन में सवार यात्री थे। वहीं, चार अन्य घायल हो गए। अफ्रीका भर में सड़क दुर्घटनाएं एक समस्या हैं और युगांडा में ये आम हैं। इन दुर्घटनाओं के लिए अक्सर खराब रखरखाव वाले वाहन, अत्यधिक गति और खराब सड़क स्थितियों को जिम्मेदार ठहराया जाता है। जुलाई में पूर्वी युगांडा में एक सुरम्य झरने की शैक्षिक यात्रा से लौट रही एक प्राथमिक विद्यालय की बस सड़क से उतरकर पलट गई, जिससे कम से कम 20 बच्चों और एक वयस्क की मौत हो गई।

# ट्रंप नेशनल गोल्फ क्लब के पास से संदिग्ध गिरफ्तार, अमेरिकी राष्ट्रपति को मारने का था प्लान? हथियार भी बरामद



**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कैलिफोर्निया दौरे से पहले एक संदिग्ध व्यक्ति को हथियार समेत गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक लॉस एंजिल्स के पास ट्रंप नेशनल गोल्फ कल्ब के बाहर इस शख्स को गिरफ्तार किया गया है.

लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ डिपार्टमेंट ने कहा कि फेडरल एजेंट्स ने गोल्फ कोर्स के आसपास एक संदिग्ध व्यक्ति के घूमने की खबर दी थी, जिसके बाद संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया. विभाग ने आगे बताया कि गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान हो गई है. वह 38 साल का जीनिन जॉन टेले (Jeanine John Taele) है और वह कैलिफोर्निया के डाउनी का रहने वाला है. अधिकारियों ने कहा कि जब संदिग्ध को कस्टडी में लिया, तो उसके पास एक हथियार और बैन गोला-बारूद भी मिला. उसे हथियार रखने और बैन गोला-बारूद रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है.

शेरिफ डिपार्टमेंट के मुताबिक, टेले को गोल्फ क्लब ग्राउंड पर फोटो लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखा गया था. जांचकर्ताओं ने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति के दौरे से पहले प्रॉपर्टी पर 'सिक्योरिटी-प्लानिंग एक्टिविटीज' पर नजर रख रहा था.

अमेरिकी सीक्रेट सर्विस यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि क्या संदिग्ध से राष्ट्रपति ट्रंप को कोई खतरा था. मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, जांच करने वाले यह जांच कर रहे हैं कि क्या यह घटना राष्ट्रपति के खिलाफ किसी संभावित खतरे से जुड़ी थी. हालांकि, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिकइस बात का अभी कोई संकेत नहीं है कि संदिग्ध हमले की साजिश रच रहा था, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि जांच अभी भी जारी है. अधिकारियों ने यह भी बताया कि टेले की एल सेगुंडो पुलिस डिपार्टमेंट एक अलग रॉबरी केस के सिलसिले में जांच कर रहा है.

उस जांच के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी गई है. जब शेरिफ डिपार्टमेंट ने गिरफ्तारी की घोषणा की, तब राष्ट्रुति ट्रंप कैलिफोर्निया जा रहे एयर फोर्स वन में थे. इस घटना के बावजूद, मंगलवार शाम को उनके रैंचो पालोस वर्डेस गोल्फ कोर्स में रिपब्लिकन नेशनल कमेटी के डिनर में शामिल होने का उनका शेड्यूल था. यह सिक्योरिटी डर तब आया जब लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियां ??प्रेसिडेंशियल इवेंट्स के आसपास कड़ी सिक्योरिटी बनाए हुए हैं. फेडरल, स्टेट और लोकल अथॉरिटीज अमेरिकी राष्ट्रपति के दौरे से पहले रेगुलर तौर पर बड़े सिक्योरिटी उपायों को कोऑर्डिनेट करती हैं, और ऐसे इवेंट्स होस्ट करने वाली जगहों के पास किसी भी संदिग्ध एक्टिविटी को एक गंभीर मामला माना जाता है.

सीक्रेट सर्विस और लोकल लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों की जांच टीम संदिग्ध की गतिविधियों, इरादों और किसी भी संभावित सिक्योरिटी असर की जांच कर रहे हैं. अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि जब तक जांच चल रही है, वे अंदाजा लगाने से बचें.

**इस साल अप्रैल में हुआ हमला :** इसी साल 26 अप्रैल 2026 को ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था,. जब वे वॉशिंगटन के एक होटल में मीडिया के लोगों के लाथ डिनर कर रहे थे. तभी अचानक से लोगों को गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दीं. हालात को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों ने ट्रंप को वहां से निकाला और सुरक्षित जगह ले गए. सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि करीब 7-8 राउंड फायरिंग हुई थी. इस घटना के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमलावर पकड़ा गया है और कार्यक्रम चालू रहना चाहिए. उसके बाद उन्होंने हमलावर को बीमार बताया और कि हमले के पीछे का मकसद कुछ साफ नजर नहीं आया है.

**चुनावी रैली में भी हुई फायरिंग :** करीब दो साल पहले 13 जुलाई 2024 को भी ट्रंप पर हमले की कोशिश की गई थी. पेंसेल्वेनिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन पर फायरिंग हुई थी. उस समय वे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर प्रचार कर रहे थे. जानकारी के मुताबिक बटलर में हो रही रैली के दौरान एक 20 साल के लडके थॉमस मैथ्यू क्रूक्स ने,क्र15 राइफल से उनपर फायरिंग की थी. अच्छी बात यह रही कि गोली ट्रंप के कान को छूती हुई निकल गई और थोड़ी चोटें आईं. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हमलावर को तुरंत मार गिराया.

**सितंबर 2024 में भी हुआ हमले का प्रयास :** जुलाई के दो महीने बाद 15 सितंबर 2024 को फ्लोरिडा गोल्फ कोर्स में भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोल्फ खेलते समय फायरिंग हुई. करूब 59 साल के शख्स रयान वेस्ले राउथ को गिरफ्तार किया गया. वह झाड़ियों में छिपकर फायरिंग कर रहा था. अमेरिकी सर्विस एजेंट्स ने फौरन उसे पकड़ लिया और फिर उसे सजा सुनाई गई.

**दस साल पहले भी हुई थी फायरिंग :** दस साल पहले भी ट्रंप पर 18 जून 2016 को फायरिंग हुई थी. उस समय वे अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं, बल्कि रिपब्लिकन उम्मीदवार थे. एक 20 साल के ब्रिटिश युवक ने ऑटोग्राफ लेने के बहाने उन पर हमले करने की सोची, लेकिन सुरक्षाबलों ने समय रहते उसे पकड़ लिया।

# रूस ने यूक्रेन पर रात में किया हमला, एक की मौत, पांच घायल हो गए

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के मंगलवार देर रात (लोकल टाइम) किए गए हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. शहर के मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, दोनों देशों के बीच युद्ध बढ़ता जा रहा है. अल जजीरा के मुताबिक यूक्रेनी एयर फोर्स के कई बैलिस्टिक मिसाइलों के आने की खबर देने के बाद यूक्रेनी राजधानी में धमाकों की आवाज सुनी गई. यह नया हमला रूस और यूक्रेन दोनों की तरफ से बॉर्डर पार से किए जा रहे हमलों के बीच हुआ है. लोकल अधिकारियों के मुताबिक सोमवार को दक्षिणी रूस के रिसॉर्ट शहर गेलेंदजिक के एक भीड़भाड़ वाले बीच पर यूक्रेन के ड्रोन का मलबा गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई. रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी टैस (ञ्रस्स) ने रूस के बच्चों के अधिकार कमिश्नर के हवाले से बताया कि मरने वालों में चार बच्चे थे. इस घटना में 58 लोग घायल भी हुए, जिनमें से कई अभी भी हॉस्पिटल में भर्ती हैं.

इलाके के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटिव ने कहा कि मौतें तब हुई जब एक अनमैन्ड एरियल व्हीकल (ड्रू) का मलबा बीच पर गिरा. यह अभी साफ नहीं है कि ड्रोन अपने आप क्रैश हुआ या रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने उसे गिराया. सीएनएन के वीडियो फुटेज के एनालिसिस के मुताबिक ड्रोन के तेजी से रास्ता बदलने और बीच पर क्रैश होने से कुछ देर पहले कम से कम तीन हथियारों से ऑटोमैटिक गोलियों की आवाज सुनी गई. सीएनएन ने बताया कि नीचे गिरने से पहले ड्रोन पास के रूसी रडार इंस्टॉलेशन को पार करता हुआ दिखा. सीएनएन को दिए एक बयान में यूक्रेन के सेंटर फॉर काउंटरिंग डिसइन्फॉर्मेशन के हेड एंड्री कोवलेंको ने आरोप लगाया कि यह हादसा रूसी एयर डिफेंस एक्टिविटी की वजह से हुआ. कोवलेंको ने सीएनएन को बताया, 'यह रूसी एयर डिफेंस फोर्स का काम था, जिन्होंने छुट्टियां मनाने वालों से भरे बीच पर ड्रोन को मार गिराया.' उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन सिर्फ रूस के मिलिट्री-इंडस्ट्रियल और इकोनॉमिक इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट करता है जो युद्ध की कोशिशों से जुड़ा है. रूसी अधिकारियों ने भी यूक्रेनी ड्रोन हमलों के जारी रहने की रिपोर्ट दी है. टैस के मुताबिक, मॉस्को इलाके में रात भर में एक ड्रोन हमले में पांच लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए. इससे एक इंडस्ट्रियल एरिया में कई जगह आग लग गई, जिससे एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन और एक एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा. नए हमले लड़ाई में लगातार बढ़ोतरी को दिखाते हैं. इसमें दोनों पक्षों ने लगातार हवाई हमलों के बीच आम लोगों के मारे जाने और इंफ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचने की रिपोर्ट दी है।

# ईरान परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा, बातचीत से घटेंगी तेल की कीमतें : जेडी वेंस



वाशिंगटन। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अमेरिका किसी भी स्थिति में ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा। उनका कहना है कि तेहरान के साथ बातचीत आसान नहीं होगी, क्योंकि ईरान का नेतृत्व कई गुटों में बंटा हुआ है, लेकिन अंतत: कूटनीति, आर्थिक दबाव और अन्य उपायों के जरिए अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल करेगा। एक साक्षात्कार के दौरान वेंस ने कहा कि ईरान के सत्ता तंत्र में कुछ गुट तनाव समाप्त कर समझौता चाहते हैं, जबकि कुछ कट्टरपंथी टकराव जारी रखने के पक्ष में हैं। यही कारण है कि वार्ता की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली हो सकती है। उन्होंने कहा कि हाल में एक समझौता ज्ञापन विफल होने के बावजूद कूटनीतिक संपर्क फिर से शुरू हुए हैं। अमेरिका इस प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं करेगा, बल्कि ऐसा समाधान चाहता है जिससे क्षेत्रीय स्थिरता बनी रहे और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर सकारात्मक असर पड़े। वेंस ने विश्वास जताया कि भविष्य में तेल की कीमतों में कमी आएगी और वे नियंत्रित स्तर पर बनी रहेंगी। साथ ही उन्होंने दोहराया कि अमेरिका ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं देगा। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वार्ता के बीच किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। उनका मानना है कि बातचीत का अंतिम परिणाम अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा को मजबूत करेगा।

# मिसरी के श्रीलंका दौरे के साथ ही भारत ने दिया रणनीतिक संदेश

### –विदेश सचिव ने शीर्ष नेतृत्व से की मुलाकात, ऊर्जा, व्यापार, बंदरगाह और तमिल मुद्दे पर हुई अहम चर्चा

**कोलंबो (एजेंसी)।** हिंद महासागर क्षेत्र में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत ने श्रीलंका के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने चीन और भूटान की यात्राओं के तुरंत बाद श्रीलंका पहुंचकर वहां के शीर्ष नेतृत्व के साथ व्यापक वार्ता की। इसे भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति और हिंद महासागर क्षेत्र में दीर्घकालिक रणनीतिक उपस्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

कोलंबो प्रवास के दौरान मिसरी ने राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके, प्रधानमंत्री हरिणी अमरासूर्या, विदेश मंत्री विजिता हेराथ, विपक्ष के नेता साजिथ प्रेमदासा सहित तमिल समुदाय के प्रतिनिधियों से अलग-अलग मुलाकात की। दोनों देशों ने दिसंबर 2024 के संयुक्त बयान तथा



अप्रैल 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की श्रीलंका यात्रा के दौरान हुए समझौतों को तेजी से लागू करने पर सहमति जताई। बैठकों में भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के पुनरीक्षण, सामाजिक सुरक्षा समझौते को अंतिम रूप देने तथा निवेश और सेवा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। भारत ने श्रीलंका के पुनर्निर्माण के लिए घोषित 450 मिलियन डॉलर के पैकेज के तहत रेलवे, पशुपालन और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए नई ऋण सहायता तथा अनुदान आधारित योजनाओं को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ऊर्जा और संपर्क परियोजनाओं पर भी उल्लेखनीय प्रगति हुई।

दोनों देशों ने बिजली ग्रिड इंटरकनेक्शन, सम्पूर सौर ऊर्जा परियोजना, त्रिंकोमाली को क्षेत्रीय ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने तथा कंकेसनतुरई बंदरगाह के आधुनिकीकरण की समीक्षा की। डिजिटल पहचान परियोजना और रेलवे नेटवर्क के विस्तार पर भी सहमति बनी। वार्ता के दौरान भारत ने तमिल समुदाय के राजनीतिक अधिकारों, प्रांतीय परिषद चुनाव कराने तथा भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी के मामलों को मानवीय आधार पर सुलझाने की आवश्यकता भी उठाई। वहीं श्रीलंका ने भरोसा दिलाया कि उसकी भूमि का उपयोग भारत की सुरक्षा के प्रतिकूल नहीं होने दिया जाएगा।

# पीओके में बवाल से डरा पाकिस्तान : विदेशी पत्रकारों के लिए सख्त किए नियम, अब हर कदम पर सरकार से लेनी होगी मंजूरी?



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान ने देश में खबरों की कवरेज करने वाले विदेशी पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से जारी नए नियमों के अनुसार, अब सभी विदेशी मीडिया कर्मियों को इस्लामाबाद, लाहौर और कराची के अलावा किसी दूसरे शहर में खबरों की कवरेज के लिए जाने से पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना होगा। ये नए नियम ऐसे समय में आए हैं, जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इन प्रदर्शनों ने दुनियाभर का ध्यान खींचा है। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार, सूचना मंत्रालय के एक्सटर्नल पब्लिसिटी (ईपी) विंग में पंजीकृत सभी विदेशी पत्रकारों और मीडिया से जुड़े लोगों को अब किसी भी दूसरे शहर में जाने से पहले अनिवार्य रूप से एनओसी लेना होगा। यह नियम खबर, डॉक्यूमेंट्री, फिल्म, वीडियो या आधिकारिक काम के लिए सोशल मीडिया सामग्री तैयार करने पर लागू होगा। इन नए दिशा-निर्देशों में विदेशी मीडिया से जुड़े पत्रकारों को ईपी विंग के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कराने के लिए भी कहा गया है। इसके बाद पाकिस्तानी सरकार की ओर से क्यूआर कोड वाले पीवीसी मान्यता कार्ड जारी किए जाएंगे। डॉन ने आगे बताया कि मान्यता कार्ड जारी होने में चार से छह हफ्ते तक का समय लग सकता है, जबकि पंजीकरण की प्रक्रिया सात कामकाजी दिनों के अंदर पूरी कर दी जाएगी। ये नए नियम अंतरराष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया संस्थानों पर लागू होंगे। इसमें वेब आधारित प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया माध्यम भी शामिल हैं। इसके अलावा, विदेश में रहने वाले और विदेशी मीडिया के लिए काम करने वाले पाकिस्तानी पत्रकारों पर भी ये नियम लागू होंगे। नोटिस में लिखा, ईपी विंग को किसी भी मान्यता आवेदन को मंजूर करने या खारिज करने का अधिकार सुरक्षित है। ऐसे मामलों में पत्रकार सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव के पास अपील कर सकते हैं। नोटिस में आगे कहा गया, ईपी विंग से पहले से मान्यता प्राप्त या पंजीकृत सभी विदेशी/अंतरराष्ट्रीय मीडिया कर्मियों को किसी भी दूसरे शहर (इस्लामाबाद, लाहौर और कराची को छोड़कर) जाने के लिए ईपी विंग से अनिवार्य एनओसी लेना होगा। अगर वे अपने आधिकारिक काम के लिए खबर, स्टोरी, वीडियो, फिल्म, डॉक्यूमेंट्री या सोशल मीडिया सामग्री तैयार करने जा रहे हैं।

# अमेरिका में भारतीय समुदाय का सम्मान: मैसाचुसेट्स ने 15 अगस्त को घोषित किया 'भारत दिवस', गवर्नर ने क्या कहा?

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने 15 अगस्त को 'भारत दिवस' (इंडिया डे) घोषित किया है। यह फैसला राज्य में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों के योगदान को देखते हुए लिया गया है। गवर्नर ने राज्य के लोगों से इस दिन को उचित तरीके से मनाने में शामिल होने की अपील भी की है।

गवर्नर ने एक अगस्त को जारी एक आधिकारिक घोषणा में भारतीय समुदाय के संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका को भी मान्यता दी। उन्होंने कहा कि ये संगठन हर साल स्वतंत्रता दिवस समारोह और सामुदायिक सेवा के कामों के जरिये लोगों को जोड़ने, अलग-अलग संस्कृतियों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने और एक-दूसरे को बेहतर समझने में मदद करते हैं।

**दुनिया में भारतीय समुदाय की भूमिका क्या कहा :** मैसाचुसेट्स की गवर्नर की ओर से जारी घोषणा में कहा गया है कि 15 अगस्त 2026 को भारत की ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी की 79वीं वर्षगांठ होगी। साल 1947 में मिली यह आजादी एक ऐतिहासिक घटना थी, जिसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी।

घोषणा में कहा गया है कि भारत दुनिया में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय रखने वाला देश है। दुनिया के दूसरे देशों में भारतीय मूल के 3.6 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। इसमें कहा गया कि अमेरिका में 50 लाख से ज्यादा भारतीय मूल के लोग रहते हैं, जो देश और समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और नागरिक जीवन को मजबूत बनाने में बड़ा योगदान देते हैं।

**भारत की विविधता का जिक्र :** इसमें कहा गया है कि भारत एक मिली-जुली सभ्यता वाला देश है। यह एक प्राचीन देश है, जो अलग-अलग जातीय समूहों, धर्मों, भाषाओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं, पहनावे, खान-पान, जलवायु और प्राकृतिक संसाधनों की बहुत बड़ी विविधता के लिए जाना जाता है। इसके बावजूद भारत में एकता की भावना बनी हुई है।

**भारतीय-अमेरिकी समुदाय को लेकर क्या कहा :** घोषणा में यह भी कहा गया है कि मैसाचुसेट्स में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, कारोबार और सार्वजनिक सेवा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे राज्य की सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान और मजबूत हुई है।

**भारत दिवस कैसे मनाया जाता है :** घोषणा में यह भी कहा गया है कि पूरे मैसाचुसेट्स राज्य में भारतीय-अमेरिकी समुदाय इस अहम अवसर को लगातार मनाता है। इसके लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकतांत्रिक मूल्यों और शांति व प्रगति के प्रति भारत की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता को सम्मान दिया जाता है।

**बोस्टन में भी क्या हुआ एलान :** इसी तरह की एक घोषणा बोस्टन की मेयर मिशेल वू ने भी की। उन्होंने भी 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। उन्होंने बोस्टन में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास के खुलने का स्वागत किया और सेलबोस्टन-250 कार्यक्रम में आई भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सुदर्शिनी की यात्रा का भी जश्न मनाया।

# डेमोक्रेटिक पार्टी से शैनन टेलर, रिपब्लिकन से जॉन मैकगायर उम्मीदवार; आम चुनाव में किससे होगी टक्कर?

**वाशिंगटन , एजेंसी।** सरकारी वकील शैनन टेलर ने मंगलवार को डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर हुए चुनाव में जीत दर्ज की। अब वह अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के पहले संसदीय क्षेत्र से डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से आम चुनाव लड़ेंगी। अब आम चुनाव में शैनन टेलर का मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के मौजूदा सांसद रॉब विटमैन से होगा। वर्जीनिया का यह पहला संसदीय क्षेत्र आम तौर पर रिपब्लिकन पार्टी का मजबूत गढ़ माना जाता है, जिसका बड़ा हिस्सा रिचमंड शहर के आसपास के इलाकों में है। लेकिन साल 2025 में डेमोक्रेटिक पार्टी की गवर्नर एबिगेल स्पैनबर्गर ने यहां जीत दर्ज की थी।

**क्या डेमोक्रेटिक पार्टी जीत दोहरा पाएगी :** डेमोक्रेटिक पार्टी इस साल के चुनाव में इस सीट को अपने पक्ष में लाने की कोशिश कर रही है। पार्टी का लक्ष्य आम चुनाव में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) पर फिर से नियंत्रण हासिल करना है।

सात उम्मीदवारों वाले इस प्राथमिक चुनाव में शैनन टेलर को पार्टी के बड़े नेताओं का समर्थन मिला था। उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनाव अभियान चलाने वाले संगठन और वर्जीनिया के कई डेमोक्रेटिक नेताओं का समर्थन मिला, जिनमें गवर्नर एबिगेल स्पैनबर्गर भी शामिल हैं। टेलर ने कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा के क्षेत्र में अपने काम को प्रमुखता से रखा।

**टेलर के एजेंडे में क्या है :** उन्होंने कहा कि अगर वह चुनी जाती हैं, तो वॉशिंगटन में भ्रष्टाचार रोकने के लिए कदम उठाएंगी। इसके तहत सांसदों के शेयर खरीदने-बेचने पर रोक लगाने और पूर्व सांसदों के जीवनभर केंद्र सरकार के सामने किसी कंपनी या संस्था की ओर से पैरवी (लॉबिंग) करने पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश करेंगी।

शैनन टेलर पिछले 14 वर्षों से रिचमंड के उपनगरीय इलाके हेनरिको काउंटी में सरकारी वकील (कॉमनवेल्थ्स अटॉर्नी) के रूप में काम कर रही हैं। चुनाव प्रचार के लिए धन जुटाने के मामले में उन्होंने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों से कहीं अधिक पैसा इकट्ठा किया।





**ट्रंप समर्थक मैकग्वायर को फिर मिला मौका :** रिपब्लिकन पार्टी के सांसद जॉन मैकगायर ने मंगलवार को अपनी पार्टी के अंदर हुए चुनाव में जीत हासिल की। इसके साथ ही वह अमेरिका के वर्जीनिया राज्य के पांचवें संसदीय क्षेत्र से रिपब्लिकन पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार बन गए हैं।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन वाले जॉन मैकगायर ने अपनी पार्टी के अंदर हुए चुनाव में मेलानी लुसेरो को हराया। अब वह आम चुनाव लड़ेंगे। डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से भी उम्मीदवार चुनने के लिए मंगलवार को चुनाव हुआ। इस चुनाव में पूर्व सांसद टॉम पेरीएलो को सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

**क्या टॉम पेरीएलो दे पाएंगे कड़ी टक्कर :** मध्य वर्जीनिया के इस संसदीय क्षेत्र में आम चुनाव में जॉन मैकगायर को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। दो साल पहले हुए आम चुनाव में उन्होंने 57 फीसदी से अधिक वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। हालांकि, रिपब्लिकन पार्टी का मानना है कि अगर डेमोक्रेटिक पार्टी टॉम पेरीएलो को उम्मीदवार बनाती है, तो वह कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

**अमेरिकी सांसद ने एफसीआरए संशोधनों पर चिंता जताई, कहा– इससे द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ सकता है : वॉशिंगटन, एजेंसी।** एक अमेरिकी सांसद ने मंगलवार को एनजीओ, ट्रस्ट, एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन और धार्मिक संगठनों को मिलने वाले विदेशी डोनेशन को कंट्रोल करने वाले अपने कानूनों में भारत के प्रपोज़्ड अमेंडमेंट पर चिंता जताई. साथ ही कहा कि इस कदम से द्विपक्षीय संबंधों पर असर पड़ सकता है. अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य राइली मूर ने कहा कि फॉरेन कंट्रीब्यूशन रेगुलेशन एक्ट (एफसीआरए ) में बदलाव से भारत सरकार को चर्चों और धार्मिक चैरिटी पर कब्जा करने की इजाजत मिल जाएगी और यह 'ईसाइयों पर साफ हमला' होगा. वेस्ट वर्जीनिया के रिपब्लिकन मूर ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'ईसाई तब से भारत में हैं जब सेंट थॉमस द अपॉसल हमारे प्रभु यीशु मसीह के दोबारा जी उठने के कुछ दशक बाद मालाबार कोस्ट गए थे।

# आम से ऐसे पाएं बेदाग और चमकदार त्वचा




फलों के राजा आम को सभी पसंद करते हैं, लेकिन खाने में यह जितना स्वादिष्ट होता है उससे कहीं अधिक फायदेमंद होता है, इस आलेख में हम आपको बता रहे हैं आम सौंदर्य के लिए कितना फायदेमंद है।

## आम के आम, गुठलियों के दाम

पेड़ों पर कैरियां लगभग खत्म हो गई हैं और कुछ ही दिनों में पके आम भी बाजार से गायब हो जाएंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं ये आम खाने में जितने ज्यादा स्वादिष्ट और रसीले होते हैं उतने ही त्वचा को बेदाग बनाने और निखारने के लिए भी उपयोगी होते हैं। आम के फेसपैक से पिंपल की समस्या ठीक हो जाती है। आइए इस आलेख में जानें कि चेहरे को स्वस्थ और चमकदार बनाने के लिए आम का फेस पैक कैसे बनाएं।

## एंटी एजिंग मास्क प्रयोग करें

एंडीऑक्सीडेंट, आम में काफी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है इस कारण इसे एंटी एंजिंग फल भी माना जाता है। मेंगो मास्क से आप त्वचा को जल्दी बूढ़ा होने से बचा सकते हैं। मेंगो मास्क के लिए आम के पल्प को सीधे अपने चेहरे पर लगाएं। इसका फर्क आपको कुछ ही दिनों में महसूस करने लगेंगे।

## पिंपल हटाएं

पिंपल की समस्या से हर किसी को दो-चार होना पड़ता है। गर्मी में ये समस्या और अधिक बढ़ जाती है। अगर आप भी इस समस्या से ग्रस्त तो कच्चे आम के जूस का इस्तेमाल करें। कच्चे आम का जूस एस्ट्रीजेंट के रूप में पिंपल हटाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है। इससे झाइयां भी दूर हो सकती हैं। बाजार में मिल रहे कैमिकल एस्ट्रीजेंट का इस्तेमाल करने से बेहतर है कि हम घर पर ही कच्चे आम का एस्ट्रीजेंट प्रयोग करें।

## त्वचा टोन करें

अगर आपकी त्वचा ढीली पड़ गई हो तो मेंगो और हनी फेस पैक यूज करें। आम और शहद का मेल त्वचा को टोन कर उसे निखरने में मदद करेगा। इसके लिए थोड़ा सा पके आम का पल्प लें और उसमें एक चम्मच शहद और बादाम तेल मिलाएं। आम, शहद और बादाम के इस पेस्ट को आप चेहरे पर पंद्रह मिनट के लिए लगाएं और इसके बाद चेहरा धो लें। इससे आपकी त्वचा बिल्कुल फ्रेश दिखेगी।

## ब्लैकहेड हटाएं

अगर ब्लैकहेड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए सारे उपाय कर चुके हैं तो अब आम का उपाय अपनाइए। पके हुए आम के पल्प को मिल्क पावडर और शहद के साथ मिक्स करें और स्क्रब बनाएं। इसे चेहरे पर गोलाई में हल्के हाथों से रगड़ें और चमकदार त्वचा पाएं।



## जूस से पाएं दमकता हुआ चेहरा

हर लड़की चाहती है कि उसका चेहरा साफ और दमकता हुआ हो, और वह इसके लिए बहुत मेहनत भी करती हैं, लेकिन आपको किसी भी तरह के पैक लगाना या कोई खास कोशिश करना पसंद नहीं हैं। तो भी घबराइए नहीं, क्योंकि हम आपके लिए लेकर आए हैं ऐसे कुछ चुनिंदा जूस जो आपको स्वाद और सेहत के साथ देंगे चमकती त्वचा का तोहफा। आइए जानें यह जूस थेरेपी खूबसूरती पाने में कैसे आपकी मदद करती है।

### चुकंदर से पाएं बेदाग निखार

आपकी ग्लोनिंग स्किन की चाहत को चुकंदर का जूस बहुत ही आसानी से पूरा कर सकता है। इसमें विटामिन ए, सी और के होता है। यह आपके शरीर की आयरन कॉपर और पौटेशियम की जरूरत पूरी करता है। इससे आपकी त्वचा स्वस्थ और ग्लोनिंग बनती है। इस जूस को बनाने के लिए आपको चाहिए 2 चुकंदर, 4 गाजर, 1 नींबू और थोड़ा सा नमक। चुकंदर और गाजर को धोकर-छीलकर छोटे टुकड़ों में काट लें। अब जूसर में डालकर ब्लैंड करें। तैयार जूस में नींबू और नमक मिक्स करें। एक बात हमेशा याद रखें कि चुकंदर का जूस हमेशा किसी अन्य सब्जी या फल जैसे गाजर, सेब, अनार आदि के जूस में मिलाकर ही लें। क्योंकि केवल चुकंदर का जूस पीने से वोकल कोर्ड में थोड़े समय के लिए ही सही, लेकिन दिक्कत हो सकती है।

### केवल 7 दिन में चेहरे पर निखार के लिए करें प्रयोग

अपने शरीर की जरूरत के हिसाब से अगर मिनरल और विटामिन लिए जाएं तो त्वचा अंदर से ग्लो करने लगती है। इस अद्भुत जूस को बनाने की सारी चीजें आपको आपके किचन में आसानी से मिल जाएगी। इसे बनाने के लिए आपको चाहिए-3 गाजर, 1 सेब, 1 खीरा, 1 शिमला मिर्च, आधा चुकंदर, 1 गिलास पानी, आधा नींबू। सभी चीजों को धोकर इनका छिलका उतार लें और छोटे पीस में काट लें। अब मिक्सर में जूस बनाने के बाद इसमें नींबू निचोड़ लें। तैयार है आपका जूस। केवल 7 दिन किसी भी एक टाइम खाने की जगह ये जूस लें और असर देखें। आप चाहें तो बहुत थोड़ा सा काला नमक टेस्ट के लिए मिला सकते हैं।

### ये जूस 15 दिनों में चेहरे पर लाता है निखार

गर्मियों के मौसम में खूबसूरती और सेहत दोनों के लिए जूस बहुत बेहतर होते हैं। बदलते मौसम की हवाएं में भी यह आपके चेहरे की रंगत में निखार लाने में मदद करता है। इस जूस को बनाने के लिए आपको चाहिए, आधा चुकंदर, दो टमाटर और 3 गाजर। इन सबको धोकर साफ करके और काटकर मिक्सर में जूस बना लें। दिन में 3 से 4 बजे के बीच इसे पिएं। इस जूस को लेने से एक घंटा पहले और एक घंटा बाद में कुछ न खाएं। ये चेहरे पर ग्लो देने के साथ ही पिंपल्स को भी दूर करता है।

### एलोवेरा जूस से ग्लो

एलोवेरा जूस विटामिन से भरपूर होता है। ये आपकी स्किन में प्राकृतिक ग्लो बनाए रखता है। आपकी स्किन पर दिखने वाले प्री मैच्योर और एजिंग के प्रभाव को रोकता है। संवेदनशील त्वचा पर सनबर्न का असर बहुत ज्यादा होता है। ऐसे में ऐलोवेरा जूस आपकी स्किन की रक्षा करता है। एक महीना एलोवेरा जूस लेने पर आपको खुद में फर्क महसूस होने लगेगा। इस जूस को बनाने के लिए आपको 2 स्लाइस ऐलोवेरा, आधा नींबू या संतरा और थोड़ा सा नमक चाहिए। सबसे पहले ऐलोवेरा के दोनों साइड का नुकीला हिस्सा चाकू से अलग कर दें। अब ऊपर और नीचे की दोनों परतें छील दें। ध्यान रखें कि एलोवेरा के छिलके के नीचे यलो पार्ट को छीलकर अलग कर दें। नहीं तो जूस कड़वा हो जाएगा। अब इसके छोटे पीस काटकर, थोड़ा सा नमक, आधा नींबू निचोड़कर या थोड़ा सा ऑरेंज जूस मिलाकर मिक्सर में जूस बना लें।

## रेसिपी



### फ्राइड स्वीट पटैटो

**सामग्री**

- मध्यम आकार के शकरकंद
- राई का तेल: एक बड़ा चम्मच
- काली मिर्च (दरदरी पिसी): आधा छोटा चम्मच।
- नमक: चौथाई छोटी चम्मच।
- लाल मिर्च: चौथाई छोटा चम्मच।
- लहसुन की कली (पिसी हुई): दो-तीन।

**विधि**

शकरकंद को फांक में काट लीजिए। इन्हें एक कटोरे में रखें और ठंडे पानी में डुबोकर पंद्रह मिनट के लिए छोड़ दें। 375 डिग्री फारेनहाइट पर ओवन को प्री-हीट दें। वेजिटेबल स्प्रे के साथ एक बेकिंग शीट बिछाकर साइड में रख दें। शकरकंद का पानी निथार दें और पेपर टॉवल से उन्हें सुखाएं। ध्यान रहे कि शकरकंद में पानी की चसक न रहे। इन शकरकंद को बड़े कटोरे में रखें और ऊपर से तेल डालकर अच्छी तरह मिला दें। इसके ऊपर काली मिर्च, नमक, लाल मिर्च छिड़ककर 375 डिग्री फारेनहाइट पर इन्हें 20 मिनट तक बेक करके निकालें। अब इसमें लहसुन डालकर 15-20 मिनट तक और पकाएं। ध्यान रखें कि शकरकंद कुरकुरे और ब्राउन हो जाने चाहिए। पकने के बाद लंच टेबल पर गर्मागर्म सर्व करें।



### राजस्थानी कढ़ी

**सामग्री**

■ घी: 1 चम्मच, ■ सरसों दाने: 1/2 चम्मच ■ मेथी दाना: 1 चम्मच ■ हींग: 1/4 चम्मच ■ साबुत लाल मिर्च: 2 ■ करी पत्ता: 2 ■ बेसन: 2 चम्मच ■ दही: 1 कप ■ हल्दी: 1/4 चम्मच ■ लाल मिर्च पाउडर: 1/2 चम्मच ■ पानी: 2 कप ■ लौंग: 5 कूटी हुई ■ हरी मिर्च: 2 बारीक कटी ■ नमक: स्वाद के अनुसार

**विधि**

कढ़ी पकौड़ा बनाने के लिए बाउल में बेसन, बेकिंग सोडा, हरी मिर्च, बारीक कटी प्याज और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करें। पानी डालकर गाढ़ा घोल बना लेंगे। कड़ाही में तेल गर्म करें और इन पकौड़ों को सुनहरा होने तक तल लें। अब एक बाउल में दही और बेसन डालें और पानी के साथ इसका मिक्सचर तैयार कर लें। अच्छे से फेंटे जिससे गुठलियां न रहें। अब एक पैन में तेल गर्म करें इसमें जीरा और साबुत लाल मिर्च डालें। इच्छानुसार इसमें करी पत्ता डालें। अब इसमें दही वाला घोल डालें और लगातार चलाते रहें वरना इसका टेक्सचर सही नहीं आता। कुछ ही दे बाद ये गाढ़ी हो जाएगी। एक बार फिर से इसमें तड़का लगाएंगे। इसके लिए पैन में घी गर्म कर उसमें लाल मिर्च डालेंगे और तुरंत गैस बंद कर दें। इसे कढ़ी में डाल दें, जिससे उसका रंग और अच्छा आ जाएगा। अच्छे से मिला लें। इसके बाद इसमें पकौड़े डालें और धीमी आंच पर और 5-7 मिनट पकाएं। तैयार है आपकी कढ़ी, जिसे आप स्टीम्ड के साथ सर्व कर सकती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेगें। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 1799



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

**काकुरो - 1798 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

एक पुस्तक व्यापारी कुछ किताबें खरीदने हेतु एक सप्ताह के लिए लखनऊ गया। उसे लखनऊ में ऊँची चीज मिल गई और उसका दिल वहीं रह गया। जब कई दिन फालतू लग गए तो उसने अपनी पत्नी को तार दिया- 'अभी खरीददारी जारी है अगले सप्ताह हम...।'

पत्नी पति को जानती थी। वह तुरंत समझ गई।

उसने वापसी में तार भेजा- तुरंत लौट आओ...! यदि कल शाम तक वापसी नहीं हुई तो वही बेचना शुरू कर दूँगी जो तुम खरीद रहे हो।

▯ ▯ ▯

रमन के बड़े भैया नरेश पिछले कई महीनों से बहुत परेशान थे। वे रमन से बोले- छोटे! मैं बहुत परेशान हूँ। मेरी बीवी हमेशा अपने पुराने पति का जिक्र करके मुझे ताना देती रहती है।

रमन बोला- भैया! ये तो कुछ भी नहीं है। मेरी बीवी ने तो अभी से मुझे उसके अगले होने वाले पति का ताना देना शुरू कर दिया है।

▯ ▯ ▯

## फिल्म वर्ग पहेली- 1799



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1798**



## सूडोकु -1799

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1798 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 1799



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्ट्रीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली - 1798 का हल**



## जेपीएससी परीक्षाएं रद्द करने की मांग पर आंदोलन तेज, सरकार को चेतावनी

**एजेंसी**

**रांची।** 14वीं जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने, परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहे सत्याग्रह के बीच अनशनकारी छात्र नेता महेंद्र प्रसाद मंडल, देवेन्द्र नाथ महतो सहित अन्य छात्रों ने कहा कि मांगें पूरी होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। क्योंकि जेपीएससी, जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्या भर्ती परीक्षाओं में लंबे समय से धांधली हो रही है, जिससे अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। मंडल ने खास बातचीत में कहा कि छात्र अभ्यमर्थी आमरण अनशन पर हैं। और सरकार को न सिर्फ दोषियों की गिरफ्तारी तक सीमित रहना चाहिए, बल्कि जेपीएससी और जेएसएससी की पूरी व्यवस्था में सुधार कर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना अहम जिम्मेवारी है। कथित अनियमितताओं में संलिप्त लोगों के खिलाफ निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। ऐसे नहीं होने पर आंदोलन और व्यापक मोड लेगी। मंडल ने मांग की कि सरकार 14वीं जेपीएससी परीक्षा पर तत्काल निर्णय ले, भर्ती आयोगों में व्यापक सुधार की समयसीमा घोषित करे तथा लंबित परीक्षाओं के आयोजन के लिए स्पष्ट परीक्षा कैलेंडर जारी करे। उन्होंने कहा कि आंदोलनरत छात्र केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस सरकारी निर्णय चाहते हैं।

## मंत्री दीपक प्रकाश बने एमएलसी, प्रस्ताव पर राज्यपाल ने दी सहमति

**पटना।** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश एमएलसी बन गए हैं। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने उन्हें भाजपा एमएलसी देवेश कुमार के इस्तीफे से खाली हुई सीट से विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किया है। इस संबंध में राजभवन की ओर से आधिकारिक अधिसूचना बुधवार को जारी कर दी गयी है। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता देवेश कुमार ने पिछले दिनों एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट से दीपक प्रकाश को मनोनीत करने का प्रस्ताव सम्राट सरकार ने राज्यपाल को भेजा था, जिस पर आज राज्यपाल ने अपनी सहमति दे दी है। बेटे के एमएलसी बनने पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि यह तो होना ही था। वहीं उनके एमएलसी बनने से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी है। उल्लेखनीय है कि बिना किसी सदन (विधानसभा या विधान परिषद) का सदस्य बने मंत्री पद पर बने रहने की 6 महीने की संवैधानिक समय सीमा खत्म होने को लेकर विपक्ष लगातार उन पर हमलावर था। मामला तूल पकड़ने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी उनके मंत्री पद पर बने रहने की वैधता पर गंभीर टिप्पणी करते हुए राज्य सरकार से जवाब तलब किया था। कानूनी व संवैधानिक संकट को देखते हुए राज्य सरकार ने त्वरित कदम उठाने का फैसला लिया।

## तेलंगाना में शुरू हुई एकीकृत आपातकालीन हेल्पलाइन 112, एक कॉल पर मिलेंगी 18 सेवाएं

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने राज्यभर में नागरिकों के लिए एकीकृत आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस) लागू करते हुए 112 को एकल आपातकालीन हेल्पलाइन के रूप में शुरू कर दिया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सी.वी. आनंद ने बंजारा हिल्स स्थित तेलंगाना इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (टीजीआईसीसीसी) में इस सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया। डीजीपी सी.वी. आनंद ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से नागरिकों को एक ही फोन कॉल पर 18 आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच मिलेगी। इनमें पुलिस, अग्निशमन (फायर) और चिकित्सा आपातकालीन सेवाएं प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित, प्रभावी और समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है, ताकि लोगों को अलग-अलग हेल्पलाइन नंबरों की बजाय एक ही नंबर पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकें। नई व्यवस्था लागू होने के साथ ही पुलिस, एम्बुलेंस और अग्निशमन सेवाओं के लिए नागरिक सीधे 112 पर कॉल कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही पुलिस सहायता के लिए पहले इस्तेमाल होने वाला डायल 100 अब 112 प्रणाली में समाहित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस एकीकृत हेल्पलाइन को विभिन्न आपातकालीन एजेंसियों के बीच तेज समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। 112 पर कॉल प्राप्त होने के बाद प्रणाली आपात स्थिति का आकलन कर संबंधित विभाग को तत्काल अलर्ट भेजेगी, जिससे राहत और बचाव कार्य में तेजी आएगी।

## कैबिनेट सचिव सोमनाथन और गृह सचिव मोहन को मिला एक साल का कार्यविस्तार

**नई दिल्ली।** कैबिनेट सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन और गृह सचिव गोविंद मोहन को एक साल का कार्य विस्तार दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सेवा विस्तार को मंजूरी दी। अलग-अलग आदेश में इसकी जानकारी दी गई। कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन अगले साल 30 अगस्त और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन अगले साल 22 अगस्त तक अपने पद पर बने रहेंगे। अर्थशास्त्र में पीएचडी प्राप्त पूर्व वित्त सचिव सोमनाथन ने 30 अगस्त 2024 को दो वर्ष के प्रारंभिक कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण किया था। वहीं, सिक्किम कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी गोविंद मोहन ने संस्कृति सचिव के रूप में कार्य करने के बाद अगस्त 2024 में यह पदभार ग्रहण किया था। यह उनकी प्रारंभिक सेवानिवृत्ति तिथि के बाद दूसरा कार्यकाल विस्तार है। उल्लेखनीय है कि डॉ. टी. वी. सोमनाथन 1987 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वे अर्थशास्त्र में पीएचडी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कॉस्ट अकाउंटेंट और कंपनी सचिव हैं।

# उत्तराखंड में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

### कई नदियां खतरे और चेतावनी स्तर पर, प्रमुख राजमार्ग बाधित

**चट्टान और पेड़ गिरे, मलबे से रास्ते थमे, जगह-जगह फंसे श्रद्धालु**

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। कई नदियों का जलस्तर चेतावनी और खतरे के स्तर तक पहुंच गया है, जबकि भूस्खलन और मलबा आने से बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित कई राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान तीन जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी आपदा प्रबंधन एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं।

उत्तराखंड में बुधवार देररात से गुरुवार सुबह तक लगातार मूसलाधार वर्षा जारी रही। राजधानी देहरादून सहित अधिकांश जिलों में आसमान घने काले बादलों से ढका रहा और कई स्थानों पर तेज बारिश हुई। लगातार बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम ठंडा हो गया। पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन और नदियों-नालों के उफान पर रहने की आशंका के बीच प्रशासन सतर्क है। मौसम विभाग ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। बारिश का दौर अभी




जारी रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अगले 24 घंटों में देहरादून, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा, गरज-चमक, आकाशीय बिजली और तेज हवाएं चलने की संभावना है। लगातार बारिश के बीच रुद्रप्रयाग में अलकनंदा और मंदाकिनी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार गुरुवार सुबह आठ बजे अलकनंदा का जलस्तर 627.80 मीटर तथा मंदाकिनी का जलस्तर 626.60 मीटर दर्ज किया गया, जो दोनों नदियों के निर्धारित खतरे के स्तर से ऊपर है। प्रशासन ने नगर निकायों के माध्यम से लाउडस्पीकर से लोगों को नदी तटों से दूर रहने की लगातार चेतावनी जारी की है। जनपद में वर्षा जारी है तथा ऊखीमठ में 53.30 मिमी और जखोली में 59 मिमी वर्षा दर्ज की गई। जिला प्रशासन ने सभी विभागों को किसी भी आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

देवप्रयाग में भागीरथी नदी का जलस्तर सुबह छह बजे 462.00 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर के बराबर है। इसी प्रकार हरिद्वार जिले के रायसी में बाणगंगा नदी का जलस्तर 230.09 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर 230.00 मीटर से नौ सेंटीमीटर ऊपर है। सभी संबंधित जिलों के प्रशासन को स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और आवश्यक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार, लगातार वर्षा और भूस्खलन के कारण ऋषिकेश-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-134) सिलाईबैंड और दुर्बिल के पास मलबा व पत्थर गिरने से बंद है। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-7) चमोली जिले के हेलंग क्षेत्र में मलबा आने से बाधित हो गया है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग धरासू-नालूपानी के पास भी अवरुद्ध है।

# जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

**राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग ने सीएम को सौंपा प्रतिवेदन; 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' से संसाधनों की होगी बचत**

**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनीतिक प्रतिनिधित्व) आयोग के अध्यक्ष मदनलाल भाटी एवं आयोग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री आवास पर शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान आयोग ने पंचायती राज एवं नगरीय निकायों में ओबीसी (OBC) आरक्षण के संबंध में वर्ष 2026 का विस्तृत प्रतिवेदन मुख्यमंत्री को सौंपा. समय पर स्थानीय चुनाव कराने के वादे की ओर तेजी से बढ़ रहे प्रतिवेदन स्वीकार करने के पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जमीनी स्तर पर लोकतंत्र और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है.



मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार ने आमजन से स्थानीय निकायों एवं पंचायतों के चुनाव समय पर कराने का जो वादा किया था, उसे पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं.

वन स्टेट-वन इलेक्शन (One State-One Election): प्रदेश में 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' व्यवस्था लागू होने से विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को निरंतर गति मिलेगी. इससे बार-बार लगने वाली आचार संहिता से राहत मिलेगी तथा सरकारी खजाने के धन, प्रशासनिक समय और संसाधनों की भारी बचत होगी। उच्चस्तरीय बैठक में मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद। प्रतिवेदन सौंपने के दौरान राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्रिगणः पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, तथा नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा।

आयोग व शासन के अधिकारीः मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, ओबीसी आयोग के सचिव अशोक कुमार जैन, तथा आयोग के सदस्य प्रो. राजीव सक्सैना, गोपाल कृष्ण, मोहन मोरवाल एवं पवन मावंडिया सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करती कांग्रेसः सतीश पूनिया

**संसद सत्र में अभी तक एक भी दिन सदन की कार्यवाही बिना व्यवधान के नहीं चल सकी।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य एवं हरियाणा के प्रभारी सतीश पूनिया ने कांग्रेस पर लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को लेकर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक तरफ संविधान और लोकतंत्र की बात करती है, लेकिन दूसरी तरफ लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान नहीं करती।

पूनिया ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संसद सत्र में अभी तक एक भी दिन सदन की कार्यवाही बिना व्यवधान के नहीं चल सकी। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस वास्तव में लोकतंत्र में विश्वास करती है तो उसे सदन में रहकर बहस और चर्चा के जरिए अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस बहस से भागती है, क्योंकि उसके पास अपने पक्ष का बचाव करने के लिए पर्याप्त



तर्क नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इसी दोहरे रवैये की वजह से पार्टी का लगातार पतन हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के बजाय सदन की कार्यवाही से दूरी बनाने और राजनीतिक विरोध के लिए अलग रास्ता अपनाने का भी आरोप लगाया।

## आजाद भारत में स्वीकार नहीं हैं गुलामी के प्रतीक चिह्न : दिनेश शर्मा

**'भारत में आज़ादी के 79 वर्ष बाद भी हम गुलामी की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए हैं'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि आजाद भारत में गुलामी के प्रतीक चिह्न स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं। दुनिया के कई देश गुलामी के प्रतीकों को अपने यहां से हटा चुके हैं पर भारत में आज़ादी के 79 वर्ष बाद भी हम गुलामी की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाए हैं। देश के शूरवीरों ने बलिदान इसलिए नहीं दिया था कि देश में आक्रांताओं के प्रतीकों को पूजा जाता रहे।



राज्यसभा में विशेष महत्व का मुद्दा उठाते हुए डॉ शर्मा ने कहा कि पोलैंड और बाल्टिक देशों ने सोवियत निशानों को सार्वजनिक जगहों से उखाड़ फेंका है। चीन ने जापानी आक्रांताओं की निशानी को मिटाने के साथ ही जापान को पाठ्यक्रम में अक्रांता के रूप में पढ़ाने का कार्य किया। इसके विपरीत दिल्ली की सड़कें बाबर, अकबर जैसे अक्रांताओं के नाम से आज भी जानी जाती हैं। न्याय प्रणाली में माय लॉर्ड जैसा संबोधन मानसिक दासता को बताता है।

भाजपा सदस्य शर्मा ने कहा कि नए भारत को इससे मुक्त बनाने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोग का गठन किया जाए जिससे औपनिवेशिक प्रतीकों और अप्रासंगिक कानून की समीक्षा हो सके। पाठ्यक्रम और संग्रहालयों में आक्रांताओं को शासक के रूप में नहीं बल्कि आक्रांता के रूप में पढ़ाया और बताया जाए। स्मारकों से आक्रांताओं के नाम हटाकर उन्हें राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों के नाम दिए जाएं।

## कई पूर्व नौकरशाह, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान कई पूर्व नौकरशाह, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान इंडियन पब्लिक जस्टिस पार्टी और समाज विकास क्रांति पार्टी के कांग्रेस में विलय की भी घोषणा की गयी। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख लोगों में बसपा के पूर्व नेता डॉ. अनूप कुमार अंबेडकर, अधिवक्ता मयंक यादव, अधिवक्ता श्रेय यादव, उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त पीसीएस अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, पंजाब कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस चौधरी खुशीराम, उत्तर प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईपीएस बीपी अशोक, केरल के पूर्व डीजीपी सुदेश कुमार, किसान नेता रोहित जाखड़, सेवानिवृत्त नौकरशाह विक्रांत गौतम, सचिन कुमार, किशन स्वरूप, आरके मैसी, राजेंद्र प्रसाद विशप, अमित कुमार, राष्ट्रीय लोक दल की पूर्व सचिव सावित्री गौतम, अरुण बंसवाल और अशोक सिंह शामिल हैं।कांग्रेस



मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जैयहिंद तथा सांसद राकेश राठौर की मौजूदगी में सभी नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ली।इस दौरान बीपी अशोक ने अपनी इंडियन पब्लिक जस्टिस पार्टी का कांग्रेस में विलय किया, जबकि अशोक सिंह ने समाज विकास क्रांति पार्टी का कांग्रेस में विलय करने की घोषणा की।कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल गौतम ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने शिक्षा महंगी की, सार्वजनिक उपक्रम बेचे, देश पर कर्ज बढ़ाया और सरकारी स्कूल बंद किए।कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल जैयहिंद ने कहा कि एक ओर राजनीतिक दल टूट रहे हैं और सांसद दल बदल रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनता का समर्थन कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं में भारी असंतोष है और प्रयागराज में होने वाला 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम गेम चेंजर साबित होगा।

# मुख्यमंत्रियों ने पुण्यतिथि पर पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को किया याद और दी श्रद्धांजलि

**रेखा गुप्ता ने कहा, 'मुख्यमंत्री से लेकर विदेश मंत्री तक, उन्होंने हर दायित्व को सेवा, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों के साथ निभाया।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश मंत्री और पद्म विभूषण सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसके साथ सुषमा स्वराज के किए गए कार्यों को याद किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रसेवा को धर्म, जनकल्याण को संकल्प और भारत की प्रतिष्ठा को दायित्व मानने वाली प्रखर वक्ता, संवेदनशील जननेता, पूर्व विदेश मंत्री एवं 'पद्म विभूषण' सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। उनका जीवन राष्ट्रनिष्ठा, लोकसेवा और उदात्त लोकतांत्रिक मूल्यों की गरिमा का उज्ज्वल अध्याय है।' राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक्स पर पोस्ट किया, 'प्रखर वक्ता, भारत सरकार में पूर्व विदेश मंत्री, पद्म विभूषण से सम्मानित सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन! राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का उनका संकल्प, जनसेवा के प्रति उनका समर्पण तथा भारतीय कूटनीति को नई ऊंचाइयों तक



